वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 21 माह 04 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

**संस्थापक :**
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

सम्पादक :
**श्री विजय कुमार यादव**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वामिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
**RNI NO. 56765/92**

# कोटा में सड़कों को ठंडा करने के लिए किया गया पानी का छिड़का, महाराष्ट्र का अकोला रहा सबसे ज्यादा गर्म

## 45 डिग्री टेम्परेचर; बिहार के बक्सर में स्टूडेंट हुआ बेहोश



नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ, **20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)**। देश के कई हिस्सों में गर्मी का असर जारी है। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ में लगातार चौथे दिन लू का कहर देखने मिल रहा है। राजस्थान के कोटा में दिन का तामपान 42 डिग्री रहा। सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। महाराष्ट्र के अकोला और वर्धा में तापमान सबसे ज्यादा 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ये दोनों शहर रविवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे। बिहार के बक्सर में सोमवार को गर्मी के कारण 10 स्टूडेंट स्कूल में बेहोश हो गए। बक्सर में आज पार 42 डिग्री पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में तापमान 44.6 डिग्री और मध्य प्रदेश के नौगांव में पारा 44.3 डिग्री डिग्री रहा।

इधर, जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद हैं।पूर्वोत्तर के 7 राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी बारिश हुई। गुवाहाटी में रविवार रात हुई तेज बारिश के कारण हाथीगांव और अनिल नगर इलाकों में सड़कों पर 3 फीट तक पानी भर गया है। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां डूब गईं। बारिश के कारण स्कूल बंद रखे गए हैं।जम्मू और कश्मीर में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई और मैदानी इलाकों में बारिश हुई। बांदीपोरा की गुरेज घाटी के तुलेल इलाके में, गांदरबल के सोनमर्ग इलाके में जोजिला पास के दोनों ओर और शोपियां को पुंछ-राजौरी क्षेत्र से जोड़ने वाली मुगल रोड पर बर्फबारी हुई।प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पारा 40 डिग्री पार पहुंच गया है। रविवार को चूरू, चित्तौड़गढ़ और कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री से ऊपर रहा। 10 से ज्यादा शहरों में पारा 40 से 41 डिग्री के बीच रहा। सोमवार को जयपुर समेत 6 जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट है।प्रदेश के 26 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। हवा की रफ्तार कम होने से सोमवार को उमस बढ़ गई है। सड़कों पर सन्नाटा रहा। क्टऊ के मुताबिक, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर में रातें भी गर्म रहेंगी। वाराणसी और प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदली गई।रविवार को जबलपुर में अप्रैल की गर्मी का 3 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां तापमान 42.5 डिग्री रहा, जो तीन साल में सबसे ज्यादा है। सोमवार को निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, कटनी, उमरिया, जबलपुर, मंडला और छतरपुर में हीटवेव यानी लू का अलर्ट है। यहां तापमान 44 डिग्री के पार जा सकता है।

## चारधाम यात्रा के पहले ही दिन हुई 2 श्रद्धालुओं की मौत

उत्तरकाशी, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दोनों घटनाएं उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम मार्ग पर हुईं। मध्य प्रदेश से अपने पति के साथ यात्रा पर आई एक महिला की घोड़े से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गिरने से महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ब्रॉट डेड घोषित कर दिया। वहीं, महाराष्ट्र से आए एक बुजुर्ग श्रद्धालु की पैदल चढ़ाई के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। चढ़ाई करते समय उन्हें सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई।

## सुभाषचंद्र बोस को राष्ट्रपुत्र घोषित करने की मांग खारिज

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने और आजाद हिंद फौज को भारत की आजादी का श्रेय देने की मांग वाली खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को न सुधरने वाला बताया और सख्त टिप्पणी की। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता पिनाकपानी मोहंती को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि वह पहले भी इसी तरह की याचिका दाखिल कर चुके हैं और अब अदालत का समय बर्बाद कर रहे हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो याचिकाकर्ता के सुप्रीम कोर्ट में आने पर भी रोक लगाई जा सकती है। साथ ही रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया कि भविष्य में उनकी कोई मंजूर न की जाए।नेताजी की जयंती 23 जनवरी 1897 को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाए। उनके जन्मस्थान (कटक, ओडिशा) को राष्ट्रीय संग्रहालय बनाया जाए। आजादी का श्रेय उन क्रांतिकारियों को दिया जाए जिन्होंने अहिंसा का पालन नहीं किया, और साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व वाली भी। 1947 में भारत की आजादी से जुड़ी असल सच्चाई वाली रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए, कि ब्रिटिश लोग भारत छोड़कर क्यों और किन कारणों से गए। 1946-1947 के दौरान भारतीय सैनिकों (नौसेना, वायुसेना, थलसेना) और आम नागरिकों के विद्रोह की रिपोर्ट भी सार्वजनिक की जाए।

# बिहार नहीं छोड़ूंगा, सरकार के हर काम पर रखूंगा पैनी नजर-नीतीश



**पटना, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)**। जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने सोमवार को पार्टी विधायकों से कहा कि मुख्यमंत्री पद छोड़ने के एक सप्ताह बाद भी वे बिहार में विकास कार्यों पर नजर रखना जारी रखेंगे। कुमार ने 1, अणे मार्ग पर विधायक दल की एक बैठक को संबोधित किया, जो मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास है और जहां जेडीयू सुप्रीमो, जो अब राज्यसभा सांसद हैं, लगभग दो दशकों से रह रहे हैं। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जेडीयू एमएलसी और प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि हमारे पार्टी नेता ने कहा है कि संसद के उन सत्रों को छोड़कर जिनमें उनकी उपस्थिति आवश्यक होगी, वे अपना अधिकतम समय बिहार में बिताएंगे।

नीरज कुमार ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने हमें बताया कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके कार्यकाल में किए गए अच्छे कार्य नई सरकार के तहत भी जारी रहें, जिसमें जेडीयू एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। स्थिति पर नजर रखने के लिए वे समय-समय पर राज्य का दौरा करेंगे। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने पुष्टि की कि एक औपचारिक प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसके तहत नीतीश कुमार को अंतिम निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी के सभी सदस्यों ने नीतीश कुमार के शासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार को दी गई पहचान के लिए उनके प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।नीरज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को विधायक दल के नए नेता का चयन करने का अधिकार दिया गया है। विधायक दल ने सर्वसम्मति से उनके कार्यों और उपलब्धियों के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान, नीतीश कुमार ने यह भी संकेत दिया कि संसदीय जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ वे पार्टी नेताओं के साथ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में सक्रिय रूप से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य संगठनात्मक मामलों और सरकारी पहलों की प्रगति से घनिष्ठ रूप से जुड़े रहना है। आंतरिक मतभेदों की अटकलों पर नीरज कुमार ने पार्टी के भीतर किसी भी तरह की अनबन से साफ इनकार किया। उन्होंने कहा कि बिल्कुल कोई विवाद नहीं था। आखिर हमारी पार्टी का नाम ही 'एकजुट' है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि बैठक में किसी विशिष्ट नाम पर चर्चा नहीं हुई और दोहराया कि नेता चुनने का अधिकार पूरी तरह से नीतीश कुमार के पास है। दिलचस्प बात यह है कि तत्काल निर्णय न होने से राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं। नीतीश कुमार को नेता बनाने का प्रस्ताव उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने पेश किया था और इसे सर्वसम्मति से समर्थन मिला था।

## 10,000 फर्जी सिम का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**गुवाहाटी, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)**। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधों में इस्तेमाल के लिए 10,000 से अधिक सिम कार्ड अवैध रूप से प्राप्त करने वाले एक प्रमुख साजिशकर्ता को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल अगस्त से फरार उबैद उल्लाह को रविवार तड़के गिरफ्तार किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कादल विकास खण्ड दुद्धी जनपद सोनभद्र

पत्रांक– मेमो/टेण्डर सूचना 2026–27 दिनांक 20.04.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत कादल विकास खण्ड दुद्धी सोनभद्र में वित्तीय वर्ष 2026–27 में पंचम / छठां राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां / सोलहवां केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) / आंगनबाड़ी केन्द्र/एस०एल०डब्लू०एम० एवं अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री जैसे (ईंट प्रथम श्रेणी, बालू, सिमेन्ट, स्टोन ब्लास्ट–40 MM, स्टोन ब्लास्ट 45, 90, MM, डाला गिटटी 20MM) स्टोन बोल्डर, सरिया/एंगल/तार, स्टोनडस्ट/भस्सी/मोरम, इण्टरलाकिंग ईंट, खिड़की/दरवाजा, टाइल्स/कोटा स्टोन, पेन्ट, पुट्टी, कंकड मिश्रित मिटटी, साइनबोर्ड, एन०पी० 2, 3, हयूमपाइप, पी.बी.सी. पाइप, एसबेस्टस शीट / टीन शीट, हैण्डपम्प मरम्मत हेतु सामग्री, शौचालय सामग्री, पेयजल हेतु प्लम्बरींग सामग्री एवं विद्युतीकरण सम्बन्धित सामग्री, समरसेबल, सोलर वाटर पम्प अधिष्ठापन व मरम्मत कार्य, सोलर लाईट एवं स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प बोर एवं रिबोर, सोलर वाटर पंप अधिष्ठापन एवं मरम्मत कार्य सम्बन्धित सामग्री एवं निर्माण सम्बन्धित अन्य सामग्री) ग्राम पंचायत की सीमा में विभिन्न चयनित कार्यस्थलों पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 21.04.2026 से 12.05.2026 तक 10 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नकद मूल्य पर प्राप्त कर सकते है। निविदाफार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 12.05.2026 दोपहर 2 बजे तक है। निविदा दिनांक 13.05.2026 को समय पूर्वान्ह 11 बजे से ग्रा०पं० कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदादाता चाहे तो निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

नोट –निविदा की शर्त निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत कादल
विकास खण्ड दुद्धी, सोनभद्र

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत कादल
विकास खण्ड दुद्धी, सोनभद्र

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिठापुर विकास खण्ड अहरौला, जनपद आजमगढ़

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 ग्राम पंचायत पिठापुर विकास खण्ड अहरौला में वित्तीय वर्ष 2026–27 में मनरेगा/VB-G RAM G/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/ छठां वित्त/पन्द्रहवां/सोलहवां वित्त/SLWM/SBM तथा/ओ०डी०एफ० प्लस / सांसद/विधायक निधि/ एम०एल०सी० निधि, सामुदायिक शौचालय, आपरेशन कायाकल्प, पंचायत भवन, मिनी स्टेडियम, विवाह घर, आगनबाड़ी केन्द्र, अन्त्योष्टि स्थल, खडन्ज़ा, नाली, इण्टरलाकिंग रोड, आर०सी०सी० टीनशेड, सीमेंट बेंच, लीचपीट, हैण्डपम्प प्लेट फार्म मरम्मत निर्माण सामाग्री, कम्पोस्ट पिट, नापैड, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, सोक पिट, सिल्ट चैम्बर, यू–टाइप नाली का निर्माण, पंचायत भवन मरम्मत, सामुदायिक शौचालय मरम्मत व अन्य कार्य सरकारी भवनों पर फारसेलिंग हेतु प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों को कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो नियमित आयकर एवं जीएसटी करदाता हो एवं ब्यातिप्राप्त आपूर्तिकर्ता हो या ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व सचिव के सगे सम्बन्धी न हो निम्न सामग्री आपूर्ति करने हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से निविदा फार्म मु० रूपया 100.00 भुगतान कर दिनांक 21.04.2026 से 27.04.2026 तक कार्य दिवस के अन्दर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है– प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलांकिंग ईंट, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, सरिया, पत्थर की गिट्टी, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, लोहे का फ्रेम, टाईल्स, हैडपम्प रिबोर सामग्री, शौचालय निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट पेन्ट प्राईमर, पुट्टी, समोसम, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, खिड़की, मेज कुर्सी, कम्प्यूटर सेट, सोलर पैनल, इन्वर्टर बैटरी विद्युत सामग्री, व्हील चेयर, प्रशासनिक मद, आर.ओ. प्लान्ट, सीमेन्टड बेन्च, प्लम्बरिंग का सामान, डस्टबिन, फार्मिंग मशीन कचरा ढोने वाली गाडी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, हयूम पाइप, ऐजवेस्टस सीट, लोहे की पाईप आदि। समस्त निविदादाता ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त निविदा फार्म को स्पष्ट एव पठनीय भरकर समस्त औपचारिकता पूर्ण करते हुए मुहरवन्द लिफाफे में दिनाक 27.04.2026 को 12.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक जमा कर सकते है तथा दिनांक 28.04.2026 पूर्वान्ह 11 बजे से 5 बजे तक सभी निविदादाताओं की उपस्थिति में गठित समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में निविदाएं खोली जाएगी तथा प्राप्त निविदाओं में सबसे न्यूनतम दर को स्वीकृत किया जाएगा। ग्राम पंचायत कार्यालय से बिक्री किया गया निविदा फार्म ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी समय बिना कारण बताए निविदा सूचना निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सभी निविदाएं ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कार्यवार कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त की जाएगी।

(रामबेलास)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पिठापुर
विकास खण्ड अहरौला, आजमगढ़

(उमाशंकर यादव)
सचिव
ग्राम पंचायत पिठापुर
विकास खण्ड अहरौला, आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरी विकास खण्ड अहरौला, जनपद आजमगढ़

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 ग्राम पंचायत खजुरी विकास खण्ड अहरौला में वित्तीय वर्ष 2026–27 में मनरेगा/VB-G RAM G/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/ छठां वित्त/पन्द्रहवां/सोलहवां वित्त/SLWM/SBM तथा/ओ०डी०एफ० प्लस / सांसद/विधायक निधि/ एम०एल०सी० निधि, सामुदायिक शौचालय, आपरेशन कायाकल्प, पंचायत भवन, मिनी स्टेडियम, विवाह घर, आगनबाड़ी केन्द्र, अन्त्योष्टि स्थल, खडन्ज़ा, नाली, इण्टरलाकिंग रोड, आर०सी०सी० टीनशेड, सीमेंट बेंच, लीचपीट, हैण्डपम्प प्लेट फार्म मरम्मत निर्माण सामाग्री, कम्पोस्ट पिट, नापैड, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, सोक पिट, सिल्ट चैम्बर, यू–टाइप नाली का निर्माण, पंचायत भवन मरम्मत, सामुदायिक शौचालय मरम्मत व अन्य कार्य सरकारी भवनों पर फारसेलिंग हेतु प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों को कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो नियमित आयकर एवं जीएसटी करदाता हो एवं ब्यातिप्राप्त आपूर्तिकर्ता हो या ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व सचिव के सगे सम्बन्धी न हो निम्न सामग्री आपूर्ति करने हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से निविदा फार्म मु० रूपया 100.00 भुगतान कर दिनांक 21.04.2026 से 27.04.2026 तक कार्य दिवस के अन्दर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है– प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलांकिंग ईंट, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, सरिया, पत्थर की गिट्टी, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, लोहे का फ्रेम, टाईल्स, हैडपम्प रिबोर सामग्री, शौचालय निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट पेन्ट प्राईमर, पुट्टी, समोसम, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, खिड़की, मेज कुर्सी, कम्प्यूटर सेट, सोलर पैनल, इन्वर्टर बैटरी विद्युत सामग्री, व्हील चेयर, प्रशासनिक मद, आर.ओ. प्लान्ट, सीमेन्टड बेन्च, प्लम्बरिंग का सामान, डस्टबिन, फार्मिंग मशीन कचरा ढोने वाली गाडी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, हयूम पाइप, ऐजवेस्टस सीट, लोहे की पाईप आदि। समस्त निविदादाता ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त निविदा फार्म को स्पष्ट एव पठनीय भरकर समस्त औपचारिकता पूर्ण करते हुए मुहरवन्द लिफाफे में दिनाक 27.04.2026 को 12.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक जमा कर सकते है तथा दिनांक 28.04.2026 पूर्वान्ह 11 बजे से 5 बजे तक सभी निविदादाताओं की उपस्थिति में गठित समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में निविदाएं खोली जाएगी तथा प्राप्त निविदाओं में सबसे न्यूनतम दर को स्वीकृत किया जाएगा। ग्राम पंचायत कार्यालय से बिक्री किया गया निविदा फार्म ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी समय बिना कारण बताए निविदा सूचना निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सभी निविदाएं ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कार्यवार कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त की जाएगी।

(गीता देवी)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरी
विकास खण्ड अहरौला, आजमगढ़

(उमाशंकर यादव)
सचिव
ग्राम पंचायत खजुरी
विकास खण्ड अहरौला, आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोछा विकास खण्ड सठियांव, जनपद आजमगढ़

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 ग्राम पंचायत गोछा विकास खण्ड सठियांव में वित्तीय वर्ष 2026–27 में मनरेगा/VB-G RAM G/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/ छठां वित्त/पन्द्रहवां/सोलहवां वित्त/SLWM/SBM तथा/ओ०डी०एफ० प्लस / सांसद/विधायक निधि/ एम०एल०सी० निधि, सामुदायिक शौचालय, आपरेशन कायाकल्प, पंचायत भवन, मिनी स्टेडियम, विवाह घर, आगनबाड़ी केन्द्र, अन्त्योष्टि स्थल, खडन्ज़ा, नाली, इण्टरलाकिंग रोड, आर०सी०सी० टीनशेड, सीमेंट बेंच, लीचपीट, हैण्डपम्प प्लेट फार्म मरम्मत निर्माण सामाग्री, कम्पोस्ट पिट, नापैड, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, सोक पिट, सिल्ट चैम्बर, यू–टाइप नाली का निर्माण, पंचायत भवन मरम्मत, सामुदायिक शौचालय मरम्मत व अन्य कार्य सरकारी भवनों पर फारसेलिंग हेतु प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों को कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो नियमित आयकर एवं जीएसटी करदाता हो एवं ब्यातिप्राप्त आपूर्तिकर्ता हो या ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व सचिव के सगे सम्बन्धी न हो निम्न सामग्री आपूर्ति करने हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से निविदा फार्म मु० रूपया 100.00 भुगतान कर दिनांक 21.04.2026 से 27.04.2026 तक कार्य दिवस के अन्दर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है– प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलांकिंग ईंट, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, सरिया, पत्थर की गिट्टी, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, लोहे का फ्रेम, टाईल्स, हैडपम्प रिबोर सामग्री, शौचालय निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट पेन्ट प्राईमर, पुट्टी, समोसम, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, खिड़की, मेज कुर्सी, कम्प्यूटर सेट, सोलर पैनल, इन्वर्टर बैटरी विद्युत सामग्री, व्हील चेयर, प्रशासनिक मद, आर.ओ. प्लान्ट, सीमेन्टड बेन्च, प्लम्बरिंग का सामान, डस्टबिन, फार्मिंग मशीन कचरा ढोने वाली गाडी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, हयूम पाइप, ऐजवेस्टस सीट, लोहे की पाईप आदि। समस्त निविदादाता ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त निविदा फार्म को स्पष्ट एव पठनीय भरकर समस्त औपचारिकता पूर्ण करते हुए मुहरवन्द लिफाफे में दिनाक 27.04.2026 को 12.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक जमा कर सकते है तथा दिनांक 28.04.2026 पूर्वान्ह 11 बजे से 5 बजे तक सभी निविदादाताओं की उपस्थिति में गठित समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में निविदाएं खोली जाएगी तथा प्राप्त निविदाओं में सबसे न्यूनतम दर को स्वीकृत किया जाएगा। ग्राम पंचायत कार्यालय से बिक्री किया गया निविदा फार्म ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी समय बिना कारण बताए निविदा सूचना निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सभी निविदाएं ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कार्यवार कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त की जाएगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोछा
विकास खण्ड सठियांव, आजमगढ़

सचिव
ग्राम पंचायत गोछा
विकास खण्ड सठियांव, आजमगढ़

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाज के साथ प्रकृति को भी कुप्रभावित कर सकती है

हमारे समाज के बुद्धिजीवी, अध्यात्मिक व सामाजिक चिंतक गाहे-बगाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता से मानवीय मूल्यों के क्षरण पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। अब इस चिंता पर पोप लियो 14 की स्वीकारोक्ति ने मोहर लगायी है। उन्होंने आशंका जतायी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से वैश्विक ध्रुवीकरण, संघर्ष, भय और हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। उनके इस बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है।

ऐसे वक्त में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सुविधा, गति व नवाचार के लिये सराहा जा रहा है, पोप ने चेताया है कि नैतिकता के बिना प्रौद्योगिकी घातक साबित हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मूल रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुरी नहीं है, लेकिन यह तटस्थ भी नहीं है। निस्संदेह, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता कि संस्थान व सरकारें इसे कैसे डिजाइन करती हैं और कैसे इसका उपयोग करती हैं। हाल की कुछ घटनाओं ने इन चिंताओं की पुष्टि भी की है। विभिन्न देशों के लोकतांत्रिक चुनाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित डीपफेक और क्लोन की गई आवाजों का प्रयोग झूठे विमर्शों को फैलाने, मतदाताओं को भ्रमित करने में किया गया। जिससे दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति जनता का भरोसा डिगा है। यह खतरनाक है कि साइबर ठगों ने क्लोनिंग उपकरणों के जरिये आवाज का उपयोग परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के रूप में किया है। इसके जरिये साइबर अपराधियों ने पूरी दुनिया में लाखों लोगों की जीवन भर की पूंजी तक लूटी है।

विडंबना है कि जिस कार्य को अब तक तकनीकी-कौशल व संसाधनों के जरिये किया जाता था, वह तकनीक से अब आसानी व बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग भ्रामक सूचनाओं के लिये ही नहीं किया जा रहा है। आशंका है कि उन्नत एआई के जरिये वित्तीय प्रणालियों और साइबर सुरक्षा को खतरा पैदा किया जा सकता है। चिंता है कि शक्तिशाली एआई तकनीक से वित्तीय व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को निशाना बनाया जा सकता है। जिसे पकड़ना नियामक संस्थाओं के लिये मुश्किल होगा। ये स्वचालित हमले बैंकिंग नेटवर्क में धोखाधड़ी करने में सक्षम हो सकते हैं। जो हमारी डिजिटल दुनिया से भी आगे घातक प्रभाव डाल सकते हैं। जिससे देशों में वित्तीय संकट पैदा हो सकते हैं। भुगतान व्यवस्था में व्यवधान व विश्वास से छल तथा राजनीतिक दुष्प्रचार से समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पर्यावरणीय घातक प्रभाव भी कम नहीं हैं। एआई के विस्तार के लिये विशाल डेटा केंद्रों, कोबाल्ट व लिथियम जैसे खनिजों की खुदाई की जरूरत होती है। जिसके लिये भारी पर्यावरणीय व मानवीय लागत की जरूरत होती है।

निस्संदेह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में न तो इसे नकारा ही जा सकता है और न ही ये बुद्धिमत्ता का फैसला होगा, लेकिन इसका जिम्मेदारी से प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चिकित्सा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन व उत्पादकता में यह रामबाण सिद्ध हो सकती है, लेकिन यह मजबूत कानून, कंपनियों के सिस्टम की पारदर्शिता व सुरक्षा से ही निरापद हो सकती है। नागरिकों की डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना होगा।

# झाल मुडी पालटिक्स के बीच बंगाल में चुनाव

• राकेश अचल



हमारे देश का सौभाग्य है कि देश का प्रधानमंत्री सियासत को झाल मुडी तक ले आया. दिमाग के बजाय प्याज खाने के शौकीन पंत प्रधान को बंगाल में एक दूकानदारसे 10 ? की झाल मुडी खरीदते देख मुझे बहुत खुशी हुई.

लोकसभा में महिला आरक्षण देने के लिए नया परिसीमन कराने हेतु 131 वां संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने में नाकाम प्रधानमंत्री को झाल मुडी खाना उनकी मजबूरी भी थी और जरूरी भी.उनके भीतर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और सपा के लिए जो कडवाहट भरी थी उसे बंगाली झालमुडी ही समाप्त कर सकती है.

बंगाल जीतना भाजपा का, मोशा का बहुत पुराना सपना है. इसी के लिए हमारी सरकार संविधान संशोधन करना चाहती थी, भाजपा की बदनसीबी कि ऐसा नहीं हो पाया. संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत मिलना कठिन नहीं था, क्योंकि जो सदन महिला आरक्षण विधेयक को सर्व सम्मति से पारित करा सकता था, वो संविधान संशोधन भी करा सकता था, लेकिन लोकसभा को भरोसे में लिया ही नहीं गया.

मजे की बात देखिए कि अभिनय सम्राट हमारे पंत प्रधान जिस दूकान पर झाल मुडी खाने पहुंचे वो भी एक साहू की थी. यानि यहाँ भी साहिब ने सजातीय ही खोजा. खोजबीन का विषय ये भी है कि पंत प्रधान के पास फुटकर रुपये कहाँ से आए? क्योंकि साहब तो कभी सब्जी-भाजी या राशन लेने जाते नहीं. आप कहेंगे कि ये तो छिद्रान्वेषण है, ! जी बिल्कुल है. हमें यही करना सिखाया गया है. हम इसी उदाहरण से ये समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि झाल मुडी पालटिक्स एक स्क्रिप्टिड राजनीतिक एपीसोड है.

बंगाल जीतने के लिए पहली बार केंद्र सरकार केंचुआ के अलावा अर्ध सैनिक बलों का भी निर्लज्ज इस्तेमाल कर रही है. पिछले दिनों असम में मतदान के लिए केंचुआ को उन तमाम इंतजामों की जरुरत नहीं पडी जो अब 23 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए किए गये हैं. केंद्रीय गृहमंत्री की धमकियों से लग रहा है कि बंगाल जीतने के लिए भाजपा सभी इंतजाम कर चुकी है, केवल नतीजों का औपचारिक ऐलान करना ही बाकी है.

आपको बता दें कि निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव के दौरान स्वतंत्र व शांतिपूर्ण मतदान के नाम पर कई कदम उठाए हैं। इसके तहत, मतदान केंद्रों पर केवल मतदातओं को ही 100 मीटर के दायरे में जाने की इजाजत होगी।,

'मतदान केंद्रों के पास व्यवस्था बनाए रखने और अनुचित प्रवेश को रोकने के लिए 100 मीटर की परिधि तय की जाएगी। केवल मतदाताओं को ही अंदर जाने की अनुमति होगी।' उन्होंने कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी और अन्य सरकारी कर्मचारी इस सीमा के बाहर तैनात रहेंगे, जहां मतदाता दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा. प्रतिबंधित क्षेत्र के भीतर, अतिरिक्त जांच की व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत मतदान केंद्र में प्रवेश करने से पहले मतदाता दस्तावेजों का दो अलग-अलग स्थानों पर दोबारा सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इस उपाय का उद्देश्य फर्जी मतदान को रोकना है। 'विचार यह है कि सत्यापन के कई स्तर हों ताकि केवल वास्तविक मतदाता ही अपना वोट डाल सकें।' निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में भी निर्देश जारी किए हैं। मतदान कर्मियों को घर-घर जाकर पर्ची वितरित करने का निर्देश दिया गया है। पीठासीन अधिकारी उन मतदाताओं का रिकॉर्ड रखेंगे जिनसे संपर्क नहीं हो सका और इसके कारणों का भी उल्लेख करेंगे. बहरहाल जो भी हो, बंगाल के चुनाव दिलचस्प हो चुके हैं. ये चुनाव बंगालियों की अस्मिता और भाजपा की शतरंजी चालों के बीच हो रहा है. बंगाल में अकेली तृणमूल कांग्रेस पिछले एक दशक से भाजपा का बंगाल प्रवेश रोके हुए है, वो भी अकेले. यूपीए घटक भी उसके साथ नही हैं. यहाँ तक कि कांग्रेस भी नहीं. मुझे लगता है कांग्रेस को अपने व्यवहार के लिए बाद में पछतावा होगा.



# संवादहीनता के चलते महिला आरक्षण पर गतिरोध

• ज्योति मेहारोत्रा

विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो पाया। दरअसल, इस बार नए विधेयक पर आम सहमति न तो चाही गई और न ही हासिल की गई क्योंकि इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में परस्पर बातचीत नहीं हुई। जबकि 2023 में कांग्रेस समेत विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम एकमत से पास कराने में भाजपा का साथ दिया था।

भारतीय राजनीति में ह्यमहिला वोट बैंकह्न बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उल्लेखनीय परियोजना, जिसके जरिए वे जाति और वर्ग, दोनों की राजनीति को पछाड़ने की उम्मीद रखे हुए हैं, पिछले 12 सालों में वह कल्पनातीत रूप से काफी कारगर रही है। मोदी ने हाल के दिनों में किसी भी दूसरे पुरुष नेता से ज्यादा महिलाओं की शिकायतें सुनने का प्रयास किया है- शुरूआत गांव के छोटे घरों में इस्तेमाल होने वाले, धुआं पैदा करने वाले चूल्हों को ह्यउज्ज्वलाह्न स्कीम के तहत गैस सिलेंडर से बदलने की मुहिम से हुई, और फिर उनके बैंक खाते में पैसे डाले गए, खासकर उनके राज्यों में चुनावों से पहले।

तो फिर, महिला आरक्षण बिल, जिसे पेश करने की अगुवाई प्रधानमंत्री ने लोकसभा में की, यहां तक ??कि कुछ राज्यों में जारी चुनाव प्रचार के बीच में संसद का विशेष सत्र बुलाया, वह स्वीकृत क्यों नहीं हो पाया? क्या भारत की महिलाएं राष्ट्रीय ह्यनारी शक्तिह्न का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं? इसका जवाब जटिल है, जाहिर है, शुरूआत इस तथ्य से होगी कि देवियों में हमारी गहरी आस्था के बावजूद, दुर्गा से लेकर काली, सरस्वती और लक्ष्मी और भी बहुत सारी, आप पूछ सकते हैं कि भारत में पुरुष-प्रधान समाज की जड़ें इतनी गहरी क्यों हैं। अवश्य ही, हम महिलाएं ही उन जड़ों को सींचने और अपना ही नुकसान करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। वरना हरियाणा में महिला-पुरुष अनुपात (879/1,000), पंजाब (895/1,000) व दिल्ली (868/1,000) न होता –मानें या न मानें, 1000 पुरुषों पर 818 महिलाओं के साथ चंडीगढ़ का आंकड़ा देशभर में सबसे नीचे है, राष्ट्रीय सूची में ये सब नीचे क्यों है? (हालांकि हरियाणा का दावा है कि पिछले साल उसका आंकड़ा बढ़कर प्रति 1,000 पुरुषों पर 914 महिलाएं हो गया है।)

सवाल उठता है कि केरल के बराबर आबादी वाला पंजाब, दोनों की आबादी लगभग 3 करोड़ है, लिंगानुपात के पैमाने पर देशभर में दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला राज्य क्यों है? केरल (1,084), तमिलनाडु (996), आंध्र प्रदेश और कर्नाटक (दोनों 993) जैसे दक्षिणी राज्यों का प्रदर्शन उत्तरी राज्यों की तुलना में इस पैमाने (और अन्य कई सामाजिक-आर्थिक मापदंडों पर भी) इतना बढ़िया क्यों है? दूसरा सवाल पूछना बनता है कि विपक्षी दल महिला आरक्षण बिल के खिलाफ क्यों हैं? उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लाए उस विधान का समर्थन क्यों नहीं किया, जिससे भारतीय राजनीति में उलटफेर होना तय है? क्या विपक्ष महिला विरोधी है?

पिछले कुछ दशकों में महिला आरक्षण कानून का सफर काफी लंबा रहा, जैसा कि मेरी सहयोगी सूर्या पिल्लई ने इस विषय पर कुछ दिन पहले बहुत बढ़िया लिखा था। सच तो यह है कि 2008 में कांग्रेस नीत यूपीए ने ही संसद में महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा में पेश किया था, और सुनिश्चित किया कि 2010 में पास हो जाए, राज्य सभा में भी, ताकि यह ह्यलैप्सह्न न हो (तय अवधि में पास होना अनिवार्य है, परंतु जब कोई कानून राज्यसभा में पास हो जाए, तब ह्यलैप्सह्न नहीं होता)। कांग्रेस को अहसास था कि महिला आरक्षण बिल पर उसकी अपनी यूपीए बंटी हुई है (आरजेडी नेता शरद यादव ने ह्यपर कटी महिलाएंह्न जैसा कटाक्ष किया था और समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव ने तो यह तक कह डाला कि अगर संसद महिला आरक्षण कानून पास कर देगी तो यह उन महिलाओं के लिए दरवाजे खोल देगा ह्यजिन पर फब्ती कसी जाती और सीटियां बजती हैंह्न, ये बिल पर आपसी मतभेद दशार्ता है), जिसका मतलब था कि उसके पास अपने समय की लोकसभाओं में इसे पास करा लेने को कभी भी पर्याप्त संख्या नहीं रही, लिहाजा उन्होंने दूसरा बेहतर विकल्प चुना।

कांग्रेस के जोर देने पर मोदी सरकार ने 2023 में यह काम आगे बढ़ाया और सुधार करने के बाद कानून पास किया गया। इसीलिए 2023 में, कांग्रेस और बाकी विपक्ष ने, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एकमत से पास कराने में भाजपा का साथ दिया।

और 2026 के बिल में भी यही संदेश मिलना चाहिए था- आम सहमति। जिस प्रकार 2023 में पूरी संसद इस मुद्दे पर सर्वसम्मत थी- केवल दो सांसदों ने बिल के खिलाफ वोट दिया था- संसद में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने के समर्थन में। इस बार प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और शेष वरिष्ठ भाजपा नेतृत्व को चाहिए था कि विपक्ष को बुलाकर महिला आरक्षण बिल पर उनका समर्थन मांगते। यह भी हो सकता था कि एक संयुक्त संसदीय समिति या कोई विशेष समिति, जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधि होते, इस कानून की तमाम धाराओं पर बारीकी से बहस करते -मसलन, क्या इसमें अन्य पिछड़ी जातियों और दलित महिलाओं के लिए ह्यकोटे के अंदर कोटाह्न होगा?- और एक बार आम सहमति बन जाने के बाद, नया कानून और उसे लागू करने की रूपरेखा को सदन में रखा जाता।

बदकिस्मती से, न तो आम सहमति बनानी चाही और न ही हासिल की जा सकी क्योंकि कोई संवाद नहीं हुआ। इन दिनों संसद इस कदर बंटी हुई है कि सांसद एक-दूसरे से अपमानजनक रूप से बोल रहे हैं, इसके लिए एक बड़े दिल वाले और छोटे अहम वाले नेता की जरूरत है, जो छोटी-मोटी बातों और चालबाजियों को भुलाकर दूसरे पक्ष से मेल-मिलाप रखे और संवाद करे।

साफ है, महिला आरक्षण बिल का भी वही हाल हुआ है जो 2020 में तीन कृषि कानूनों का हुआ था। ठीक वैसे ही जिस प्रकार केंद्र को तीनों कानून वापस लेने पड़े, क्योंकि उन्हें लाने से पहले किसान संगठनों और राजनीतिक दलों के साथ बहुत कम संवाद या चर्चा की गई थी -शायद पंजाब के एक हिस्से में बतौर पायलट प्रोजेक्ट इन कृषि कानूनों का प्रयोग किया जा सकता था, जिससे दोनों पक्षों को कोई राह मिल जाती- उसी तरह सत्ता पक्ष महिला आरक्षण कानून पास कराने लायक संख्या नहीं जुटा पाया।

प्रधानमंत्री लोकसभा में विपक्ष के नेता से कह सकते थेः ह्यआइए मिलकर इतिहास लिखें। अब समय आ गया है कि महिलाएं कम से कम एक-तिहाई आसमान छूएं। यूं तो देश की कुल आबादी में महिलाओं की गिनती 48-49 प्रतिशत है, लेकिन शुरूआत के लिए, उन्हें 33 फीसदी देते हैंह्न। इसपर विपक्ष के नेता का जवाब होताः ह्यहां, चलिए, हम साथ हैंह्न। दुर्भाग्यवश, मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी और के. कनिमोझी अपनी-अपनी दलीलें देते रहे। संसद किस हद तक बदल गयी है, यह तब साफ हो गया जब प्रियंका गांधी-अमित शाह की एक-दो टिप्पणियांझ्र जिन्हें पुराने दिनों में संसदीय बहस में सलीके से बात काटने और हाजिर जवाबी का आम तरीका माना जाता थाझ्र इस पर कुछ सांसद हंसने लगे, कुछ तो घबराए से भी। सत्ता और विपक्ष के बीच संवाद की कमी से संसद में महिलाओं के मुद्दे पर टकराव हो गया।

एक और अहम बात यह कि शुक्रवार शाम को कानून में संवैधानिक संशोधन असफल रहने के 24 घंटे से भी कम समय पहले, सरकार ने गुरुवार देर शाम 2023 नारी शक्ति अधिनियम अधिसूचना जारी कर दी थी। इसका मतलब है कि कानून अभी सक्रिय है और इसे कभी भी लागू किया जा सकता है।

बिखराव के इस समय में, यह आखिरी प्रयास उम्मीद जगाता है।

## सिने जगत

# एक्टर राकेश बेदी बोले- 'धुरंधर 3' नहीं आएगी, जासूस अपने देश लौट गया



आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद अब फैंस इसके तीसरे पार्ट धुरंधर 3 का इंतजार कर रहे हैं। अब इस पर फिल्म में जमील जमाली का किरदार निभाने वाले सीनियर एक्टर राकेश बेदी का बयान सामने आया है। उन्होंने साफ किया है कि फिलहाल तीसरे पार्ट की कोई संभावना नहीं दिख रही है क्योंकि फिल्म की कहानी पूरी हो चुकी है।

राकेश बेदी ने एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म की कहानी जहां खत्म हुई है, वहां से उसे आगे बढ़ाना मुश्किल है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि तीसरा पार्ट आएगा। कहानी के आखिर में जासूस (रणवीर सिंह) अपने देश वापस लौट जाता है, इसलिए वह कहानी वहीं खत्म हो जाती है।

हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि 'धुरंधर' एक बड़ी फ्रेंचाइजी है। इसे भविष्य में किसी और कहानी और दूसरे एक्टर्स के साथ किसी भी समय बनाया जा सकता है।

फिल्म में राकेश बेदी का किरदार 'जमील जमाली' दर्शकों के लिए एक बड़ा सरप्राइज था। राकेश ने कहा, दर्शकों के लिए यह एक बड़ा हाईलाइट था। हमें पता था कि इससे हलचल होगी। पार्ट 1 की सफलता के बाद दर्शकों का नजरिया बदल गया था। लोग फिल्म को केवल देखने नहीं जा रहे थे, बल्कि वे यह जानने के लिए बहुत एक्साइटेड थे कि पार्ट 2 में क्या होता है। अब वही दर्शक पार्ट 3 की मांग कर रहे हैं।

'धुरंधर' फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दोनों फिल्मों ने मिलकर वर्ल्डवाइड 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया है। दिसंबर 2025 में आई पहली फिल्म ने करीब 1300 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था।वहीं मार्च 2026 में रिलीज हुई 'धुरंधरः द रिवेंज' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है। वर्ल्डवाइड लेवल पर यह अब तक 1700 करोड़ रुपए से ज्यादा कमा चुकी है।

# अर्चना सिंह बोलीं- मुझे कोई काम नहीं दे रहा



फिल्म 'निकाह' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अर्चना पूरन सिंह आज 'कपिल शर्मा शो' की जज के तौर पर पहचानी जाती हैं। हालांकि, इसी शोहरत ने उनके एक्टिंग करियर पर ब्रेक लगा दिया है। एक इंटरव्यू में अर्चना ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि कपिल के शो की व्यस्तता के कारण उन्होंने इतने प्रोजेक्ट्स को मना किया कि अब मेकर्स ने उन्हें काम ऑफर करना ही बंद कर दिया है।शोशा को दिए इंटरव्यू में अर्चना ने बताया कि कुछ साल पहले उन्हें एक फिल्म के लिए स्कॉटलैंड में 25 दिनों के शूट का ऑफर मिला था। उस वक्त 'द कपिल शर्मा शो' टीवी पर आता था और साल में करीब 100 एपिसोड शूट होते थे। शो की टाइट डेट्स के कारण उनके पास किसी और फिल्म के लिए समय नहीं बचता था। अर्चना ने कहा, मैंने इतनी बार फिल्मों को मना किया कि फिल्ममेकर्स ने मुझे एक्टिंग के लिए बुलाना ही छोड़ दिया। एक्ट्रेस को इस बात का भी दुख है कि इंडस्ट्री अब उन्हें केवल एक जज के तौर पर देखती है। उन्होंने कहा, मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, फिल्ममेकर्स को यकीन नहीं दिला पा रही हूं कि मैं एक एक्टर हूं।

# व्यंग्य : सपने में प्यास

• संजीव शुक्ल



अरे सुनो-सुनो ऐसे बिना पूछे पानी न पियो।

क्यों? मारे जाओगे! मारे जाओगे! क्या मतलब? क्या पानी पर भी जी एस टी है? नहीं-नहीं वो बात नहीं है। हर चीज को राजनीति से न जोड़ा करो। चलिए आप कहते हैं तो छोड़ दिया, लेकिन आप पानी पीने पर क्यों रोक लगाए हो? यहां गला सूखा जा रहा और आप हैं कि....... कहते कहते उसकी आवाज बैठने लगी। यह सरकारी प्रॉपर्टी नहीं है। यह निजी तालाब है हमारे बाप-दादाओं का।

मने निजी चीजें जनकल्याणकारी नहीं होती? अरे हां, याद आया आपदा के समय प्राइवेट विमान कंपनियां अक्सर मौका देख किराया बढ़ा देती हैं। अभी पहलगाम हादसे में बढ़ाया ही था। नहीं-नहीं वो बात नहीं, यह दूसरा केस है। यह वैसा तालाब नहीं है। इस तालाब को वरदान मिला है कि यहां पानी वही पी सकता है, जो हमारे सवालों का जवाब दे या हमको अपने जवाबों से संतुष्ट कर सके। यहां पहले जवाब दो फिर पानी पियो! पहले आप हो कौन, जो इस तरह प्यासे को पीने से रोक रहे हो। मैं यक्ष हूँ। कौन वही, महाभारत वाला?

नहीं मैं वह तो नहीं, लेकिन वो हमारे ही पुरखे थे। अच्छा! फि र जल्दी से पूछो! गला सूखा जा रहा है। कहते-कहते सूखी जीभ तालू से चिपक सी गई। ठीक है। तो फिर तैयार हो जाओ। अरे पूछो न भाई। टेम न खराब करो, यहां वैसे भी......

हां तो यह बताओ कि ऐसा कौन है, जो पर्वत को राई और राई को पर्वत कर सकता है?

मने हिंदी में कहें तो बात का बतंगड़?

वही समझ लो। जी तो फि र मीडिया! मीडिया? यक्ष आश्चर्य चकित हुआ! उसे इस जवाब की बिलकुल उम्मीद नहीं थी। उसने कबीर का 'राई ते परबत करै, परबत राई माहिं' पढ़ रखा था.खैर इसी चकितावस्था में उसने मुंह से निकल गया - वो कैसे? अब मुंह न खुलवाओ! न्यूज नहीं देखते हो क्या? मीडिया कहें तो महाभारत के संजय का अत्याधुनिक वर्जन। पर वो सिर्फ.आँखों देखा हाल बताने पर ही यकीन रखते थे, ये वाले तो अनदेखा भी बता देते हैं।

ओह.... पर मीडिया तो आईना होती है। वह तो जस का तस हाल बताने के लिए होती है। वह ऐसा कब से करने लगी? मीडिया के कई प्रकार होते हैं। हम पालतू मीडिया की बात कर रहे हैं। जस का तस हाल बताने वाले मिडिया की सीमाएं होती हैं। तो पालतू मीडिया क्या पर्वत को राई और राई को पर्वत भी बना सकती है?

हाथ कंगन को आरसी क्या! अब देखिए न, कैसे यह मीडिया ₹परिसीमन बिल₹ के पारित न होने को ₹महिला बिल₹ के गिरने के रूप में प्रचारित कर रही है। प्रमाण के तौर पर मोबाइल पर एक न्यूज चैनल खोल के दिखाया, जिसमें एंकर जोर-जोर से चिल्ला रही थी कि महिला बिल के खिलाफ विपक्षियों का षड्यंत्र। महिला विरोधी पार्टियां हुईं बेनकाब और आगामी चुनावों में जनता इन सबको सबक सिखाने को है बेताब!

यक्ष हमारी बातों से प्रभावित जान पड़ा। मैंने आगे कहा - और हाँ! इसके अलावा आपने अभी देखा नहीं, युद्ध में किस तरह रावलपिंडी, लाहौर तक जद में आ गए थे। वो तो कहिए समय रहते सीजफायर हो गया, नहीं तो इस बार हम लोग पंद्रह अगस्त वहीं मनाते। यह मीडिया का ही कलेजा था जो विजय का झंडा वहां गाड़ आए, अन्यथा ऐसे संवेदनशील मौके पर सेनाध्यक्ष तक तो कुछ बोलते नहीं हैं। जब सीजफायर हुआ, तब हम समझौते का मान रखते हुए अपने झंडे वहां से उखाड़ लाए। मीडिया यदि किसी को मुख्यधारा में ला सकती है, तो किसी को गायब भी कर सकती है। ओह अब समझ में आया! अच्छा इसके अलावा मौजूदा दौर में मीडिया की भूमिका क्या है? यक्ष ने खड़े-खड़े अगला सवाल दागा। कवर फायर देना। मतलब? मतलब यह कि संकेत मिलने पर क्रीत-मीडिया अपने बॉस की झुकी हुई रीढ़ को भी तना हुआ साबित कर उसके बारे में यह कह दे कि ₹झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए।₹ थोड़ा और विस्तार से बताओ यक्ष को मजा आने लगा इस बतकही में। मने जो खराब निर्णय को भी मास्टर स्ट्रोक सिद्ध कर दे और निर्णय लेने वाले को क्रांतिकारी, उसे मीडिया कहते हैं। इसके साथ ही यदि मीडिया पालतू है, तो आपकी बेइज्जती को सीधे राष्ट्र की बेइज्जती से जोड़कर बेइज्जत करने वालों को ही देशविरोधी साबित कर सकती है। तुम बड़े दिलचस्प जवाब दे रहे हो। अच्छा यह बताओ। यह मास्टर स्ट्रोक क्या है?

जी यह मार्केट में बिलकुल नया आया है। मास्टर स्ट्रोक कहें तो पर्याप्त पब्लिकली बेइज्जत हो चुकने के बाद व आगे और संभावित खतरों से बचने के लिए तुरंत माफी धारक होते हुए, घोषित नीति से पलटी मारना है। अंग्रेजी में कहें तो यूटर्न लेना है।वाह! तुमने खुश कर दिया! मैं समृद्ध हुआ।

यक्ष गदगद हो गया। अब तुम पानी पी सकते हो। यह कहकर यक्ष गायब हो गया। प्रश्नोत्तरी खत्म होने पर आज युधिष्ठिर होने की फीलिंग आ रही थी लेकिन जैसे ही पानी पीने के लिए झुका तभी कंधे पर किसी का स्पर्श पाकर बहुत डर गया। धड़कन बढ़ गई। डर के मारे कायदे से चीख तक न निकली। आँखें खुल गईं। देखा तो पालतू बिल्ली कंधे से सटी बैठी थी। मैं खुद को सामान्य करने लगा। धड़कने अभी भी बढ़ी हुई थीं।

# आस्था नहीं, अंधविश्वास पर चोट जरूरी

• हेमलता म्हस्के



आजकल देशभर में कथित तौर पर कई स्वयंभू बाबाओं के पुलिस हिरासत में आने की खबरें लगातार सुर्खियां बन रही हैं। किसी पर ठगी का आरोप है, किसी पर अंधविश्वास फैलाकर शोषण करने का, तो किसी पर हिंसा भड़काने का। ये घटनाएं एक गंभीर सवाल खड़ा करती हैं – क्या हम आस्था

भारत का संविधान किसी को भी कानून से ऊपर नहीं मानता। चाहे भगवा वस्त्र पहने कोई साधु हो, सफेदपोश नेता हो या आम नागरिक – अपराध साबित होने पर कार्रवाई तय है। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने ह्यकानून का राजह्न इसी उद्देश्य से संविधान में पिरोया था। पुलिस हिरासत दोष सिद्धि नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच की शुरूआत है। हर आरोपी को अदालत में अपना पक्ष रखने का पूरा अधिकार है।

महात्मा ज्योतिबा फुले, राजर्षी शाहू महाराज और डॉ. आंबेडकर – तीनों महापुरुषों ने जीवनभर कर्मकांड और पाखंड का विरोध किया। उन्होंने धर्म का विरोध कभी नहीं किया, बल्कि धर्म के नाम पर चल रही लूट और शोषण को चुनौती दी। फुले जी ने कहा था, विद्येविना मती गेली, मतीविना नीती गेली। यानी शिक्षा के बिना विवेक नहीं आता, और विवेक के बिना इंसान ढोंग का शिकार बनता है।

आज भी कई भोले-भाले लोग बीमारी ठीक करने, संतान दिलाने या रातोंरात अमीर बनाने के झूठे दावों में फंस जाते हैं। चमत्कार के नाम पर पैसे, जमीन और कभी-कभी इज्जत तक लुट जाती है। इससे न सिर्फ पीड़ित परिवार बर्बाद होता है, बल्कि सच्चे अर्थ में समाजसेवा करने वाले संतों और संगठनों की छवि भी धूमिल होती है।

इसका समाधान सिर्फ पुलिस कार्रवाई नहीं, बल्कि जनजागृति है। ह्यशिका, संघटित व्हा, संघर्ष कराह्न – बाबासाहेब का यह मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है। स्कूल-कॉलेजों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, कानून की बुनियादी समझ और सवाल पूछने की हिम्मत सिखानी होगी।

हमें याद रखना होगा कि आस्था मन का विषय है, पर अंधविश्वास शोषण का हथियार बन जाता है। ढोंगी बाबाओं का विरोध करना किसी धर्म का अपमान नहीं, बल्कि संविधान और इंसानियत की रक्षा है। कानून अपना काम करे, और समाज अपनी आंखें खोले – तभी ह्यप्रबुद्ध भारत का सपना पूरा होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

भदोही, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। खान निरीक्षक, अधिशासी अभियंता जल निगम जनसुनवाई (आईजीआरएस) बैठक में बिना बताए अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने वेतन रोकने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस पर शिकायत करने वाले शिकायतकताओं से वार्ता कर निर्धारित अवधि में प्रकरण का गुणवत्तायुक्त निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबसे अधिक शिकायत/असंतुष्ट फीडबैक वाले ग्रामों में संबंधित अधिकारी मौके पर जायें एवं शिकायतकर्ता से बात कर संतुष्ट करते हुए प्रकरण का निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि पोर्टल पर कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जमीन से संबंधित एवं अन्य बार-बार आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसका गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर दिया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भानसिंह, जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, ई डिस्ट्रिक मैनेजर आशुतोष श्रीवास्तव सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेसिक शिक्षा की बेटियों ने रचा इतिहास, अब राज्य शतरंज चैम्पियनशिप में दिखाएंगी दम

भदोही, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। जनपद भदोही की बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर नया इतिहास रच दिया है। कम्पोजिट स्कूल धनापुर, विकास खंड ज्ञानपुर की छात्राओं की टीम, जिसने हाल ही में कजाकिस्तान के अल्माटी में आयोजित वर्ल्ड स्कूल टीम चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, अब 22 अप्रैल से सीतापुर में शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य शतरंज चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेगी। छात्राओं की इस उपलब्धि से पूरे जनपद में खुशी और गर्व का माहौल है। टीम में वंशिका मौर्य, सुनैना, आराधना कुमारी और काजल शामिल हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली इन छात्राओं ने अपनी लगन, अनुशासन और अथक परिश्रम से यह साबित कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में इन बच्चियों ने 8 राउंड मुकाबले खेले और 8 अलग-अलग देशों की टीमों से शानदार प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि उज्बेकिस्तान और सिंगापुर जैसी मजबूत टीमों को ड्रॉ पर रोककर उन्होंने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। जब ये नन्हीं खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने गांव लौटीं तो उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

## स्कूल बस की चपेट में आने से 2 छात्राएं घायल, चालकों पर कार्रवाई करने में संबंधित विभाग मौन



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। मुगलसराय कोतवाली थाना अंतर्गत नई बस्ती सर्कस रोड के समीप दिन सोमवार को पैदल स्कूल जा रही 2 छात्राओं को एस ए एच एजुकेशनल सेंटर स्कूल के बस चालक ने मारा जोरदार धक्का वही बस में भी स्कूल के बच्चे थे सवार बस की चपेट में आने से दोनों छात्रों के फटे सर जिनको आसपास के क्षेत्रीय लोगों सहित घायल छात्राओं के परिजनों ने इलाज हेतु अस्पताल में कराया भर्ती।घायल छात्राओं में रोली गुप्ता लगभग 14 व ज्योति लगभग 8 वर्षीय मुगलसराय सर्कस रोड निवासिनी बताई जाती है।गौरतलब हो कि नगर में संचालित हो रहे बहुत से स्कूलों में चल रहे स्कूल वाहनों में अप्रशिक्षित चालको की वजह से इस तरह की दुर्घटनाएं लगातार सामने आती है जिसके बाद भी चंदौली का संबंधित विभाग ऐसे स्कूल वाहन चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं करता है।अब देखना यह है कि संबंधित विभाग अपनी कुंमकर्णी नींद से कब जाता है।समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी।वहीं उक्त सड़क दुर्घटना में घायल एक छात्रा की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उसको उल्टी चक्कर आने लगे जिसको पीडीडीयू नगर स्थित हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा उसे किया गया रेफर।

## हम सबका संकल्प है हर गांव,हर गरीब व हर युवा तक विकास की किरण पहुंचाना- डॉ. विनोद बिंद

पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने रविवार की देर शाम मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मुलाकात की जिसके दौरान क्षेत्र के विकास,मूलभूत बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण,सड़क, पेय जल,शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सृजन जनकल्याणकारी योजनाओं के तेज एवं प्रभावी क्रियान्वयन

जैसे मुद्दों पर विस्तार से सकारात्मक चर्चा सांसद डॉ विनोद बिंद ने की।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दूरदर्शी नेतृत्व और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदेश को"उत्तम प्रदेश"बनाने की दिशा में निरंतर ऊर्जा प्रदान कर रहा है।हम सबका संकल्प है हर गाँव,हर गरीब और हर युवा तक विकास की किरण पहुँचाना।सांसद डॉ विनोद बिंद ने बताया कि अपने लोकसभा क्षेत्र भदोही के विकास को लेकर हर संभव प्रयास करते है।कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में बुनियादी



ढांचे, जैसे सड़कों का निर्माण,पुलों का विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व पानी की सुविधा व नौजवानों के लिए रोजगार का सृजन सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।

इसके साथ ही,वे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई परियोजनाएं भी ला रहे हैं।हमारा ध्यान स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को सुधारने और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर केंद्रित है।वहीं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में लगे हुए हैं।बताते चले कि अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद हर संभव प्रयास करते रहते है।इसके लिए वे प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री,वित्तमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री, रेलमंत्री व मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के विकास व समस्याओं के समाधान को लेकर हर संभव प्रयास करते रहते है।

### कृत्रिम अंग वितरण हेतु शिविर का आयोजन

मीरजपुर , 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण राजेश सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत चिन्हाकंन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा के तत्वाधान में परशुरामपुर अवस्थित मुख्यालय पर बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस बाबत महासभा के अध्यक्ष डॉ.उमेश चन्द्र गोंड ने बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का निर्देश 'शिक्षित बनो,संगठित हो,संघर्ष करो'यह हर समय प्रासंगिक रहा है और रहेगा।बाबा साहेब अम्बेडकर ने 3 अक्टूबर 1954 को मेरा जीवन दर्शन में आशा व्यक्त की है कि स्वतंत्रता,समता और बंधुता सामाजिक ध्येय एक दिन अवश्य बनेगा।हम सबका कर्तव्य है कि बाबा साहेब के इस आशा को साकार करने का प्रयास अवश्य किया जाय।भारत के संविधान की उद्देश्यिका में भी स्वतंत्रता समता और बंधुता है। कार्यक्रम में प्यारेलाल गोंड,घुरहू प्रसाद,श्रीकृष्ण गोंड, सुरेश प्रसाद,शीतला प्रसाद,रविशंकर गोंड, सुदामा,हरिश्चंद्र सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब अम्बेडकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण गोंड व अध्यक्षता डॉ.उमेश चन्द्र गोंड ने किया।




### गर्मी के मद्देनजर चंदौली में स्कूलों का समय बदला

पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। चंदौली में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों के संचालन का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है।नए आदेश के अनुसार जनपद चंदौली के समस्त परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त विद्यालय अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होंगे। यह परिवर्तन 20 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।यह निर्णय छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए लिया गया है। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निदेर्शों पर छात्र हित और लोक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी संबंधित विद्यालयों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## गोपीगंज में महिला समूहों के नाम पर फर्जी ऋण बांटकर गरीब परिवारों को फंसा रहे निजी गिरोह

गोपीगंज, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों सूदखोरों और फर्जी निजी ऋण संस्थाओं का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों और छोटे लोन योजनाओं के नाम पर जरूरतमंद परिवारों, खासकर महिलाओं को आसानी से पैसा उपलब्ध कराने का लालच देकर उन्हें ऊंचे ब्याज के मकड़जाल में फंसाया जा रहा है। क्षेत्र में सक्रिय कई निजी व्यक्ति और कथित संस्थाएं बिना किसी वैध पंजीकरण के खुलेआम ऋण वितरण कर रही हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ निजी संस्थाएं 20 हजार रुपये देकर मात्र तीन माह में 25 हजार रुपये तक वसूल रही हैं, जबकि 40 हजार रुपये के बदले 50 हजार रुपये की वसूली की जा रही है। महंगाई और घरेलू जरूरतों से परेशान गरीब परिवार तत्काल जरूरत पूरी करने के लिए यह रकम ले तो लेते हैं, लेकिन बाद में ब्याज और दबाव के कारण आर्थिक संकट में और गहराई तक डूब जाते हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सैकड़ों से अधिक छोटी-बड़ी कथित संस्थाएं और निजी साहूकार सक्रिय बताए जा रहे हैं, जो महिलाओं को आसान किश्तों का झांसा देकर पैसा बांटते हैं और फिर दबंगई के साथ वसूली करते हैं। कई मामलों में समय पर भुगतान न होने पर महिलाओं और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने, घर पहुंचकर धमकाने और मानसिक प्रताड़ना देने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई महिलाएं और पुरुष इस कर्ज के जाल में फंसकर अपनी जमा पूंजी गंवा चुके हैं। कुछ परिवारों की स्थिति ऐसी हो गई है कि वे मूलधन से अधिक ब्याज चुका चुके हैं, फिर भी कर्ज खत्म नहीं हो रहा। इससे सामाजिक और पारिवारिक तनाव भी बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे फर्जी ऋण कारोबारियों की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग भी शोषण का शिकार न हों।

## भगवान परशुराम की मनाई जयंती



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। परशुराम जयंती के अवसर पर ब्रह्मर्षि (भूमिहार ब्राह्मण) समाज के जिला अध्यक्ष शिव गोविंद राय के आवास कैलाशपुरी पर भगवान परशुराम की जयंती बड़ी धूमधाम से हवन पूजन एवं शंखनाद के साथ मनाई गई।अध्यक्ष समेत भक्तों ने भगवान परशुराम के बारे में जो प्रमुख रूप से बताया कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार थे भगवान परशुराम एक आदित्य अयोध्या ऋषि है जो अपनी वीरता पितृभक्ति और न्याय के लिए जाने जाते हैं वे शास्त्र और शास्त्र दोनों में निपुण थे।भगवान परशुराम ने भीष्म द्रोणाचार्य और कारण जैसे योद्धाओं को शस्त्र विद्या सिखाया था भगवान परशुराम शिव के शिष्य थे और भगवान शिव से ही युद्ध कला और अन्य विद्याएं सीखी थी भगवान परशुराम धरती पर वैदिक संस्कृति का प्रचार प्रसार किया।

भारत के अधिकांश ग्राम उनके द्वारा ही बताए गए आप क्रोधी स्वभाव के थे लेकिन उनका क्रोध हमेशा धर्म और न्याय की रक्षा के लिए होता था।परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है जो आज भी जीवित है भगवान परशुराम की प्रमुख उपलब्धियां अत्याचारी हय हय क्षत्रियों का नाश कर धरती पर संतुलन की स्थापना को कायम किए।आप भगवान शिव से परशुराम जी ने परसा प्राप्त किया था।भगवान शिव के दर्शन की जिद और श्री गणेश द्वारा रोके जाने से दोनों के बीच युद्ध हुआ गणेश जी ने अपने पिता शिव के आदेश का सम्मान करते हुए कैलाश पर्वत पर जाने से परशुराम जी रोका और जिससे क्रोध के कारण उनके परसा प्रहार से उनका दाया दांत टूट गया।परशुराम जी भगवान शिव के परम शिष्य थे और उन्होंने शिव जी से ही शास्त्र विद्या सीखी थी गणेश जी को रोकने का कारण शिव पार्वती का ध्यान मग्न होना था इस घटना के बाद परशुराम जी को अपनी भूल का आभास हुआ और उन्होंने गणेश जी की महिमा को समझा जिससे उनका क्रोध कम हुआ यह घटना गणेश जी की अपने पिता के प्रति भक्ति और परशुराम जी के प्रचंड क्रोध और समर्पण को दशार्ती है। पूजन में प्रमुख रूप से सर्वश्री शैलेंद्र कुमार सिंह पप्पू,विजय बहादुर कुंवर,राकेश कांत राय,डॉक्टर उमाशरण पांडेय, अंभोज कुमार राय, नागेंद्र मिश्रा,डॉ पी एच राय,उमाशंकर राय उर्फ डब्लू, आशुतोष मिश्रा,राम गोपाल,रविंद्र राय, डॉक्टर रोशन, मृत्युंजय राय,बालगोविंद राय जितेंद्र पांडेय मौजूद रहे।सभा का संचालन संजय राय ने व समापन धन्यवाद जयनाथ शर्मा ने किया।

### आयुष्मान कार्ड में निशुल्क जांच शामिल करने की उठी मांग

गोपीगंज, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। स्थानीय नगर के जीटी रोड बस स्टैंड के समीप स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र सोनी उर्फ दीपू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य लाभ के लिए संचालित आयुष्मान कार्ड योजना को और प्रभावी बनाने की मांग उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सोनी ने कहा कि वर्तमान में आयुष्मान कार्ड का उपयोग केवल बड़ी बीमारियों के इलाज में किया जा रहा है, जबकि इलाज से पहले निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों से विभिन्न जांचों के नाम पर हजारों रुपये वसूल लिए जाते हैं। इससे आम लोगों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत इलाज के साथ-साथ आवश्यक जांच भी निशुल्क शामिल की जाए। साथ ही मरीज की तबीयत खराब होने पर तत्काल कार्ड का अप्रूवल मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को किसी अनहोनी और आर्थिक संकट से बचाया जा सके।बैठक में सूरज, आदर्श, संगीता देवी, सुनीता देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### नाबालिग छात्रा रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

गोपीगंज, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। नगर क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। बताया गया कि छात्रा 18 अप्रैल को पूर्वाह्न करीब 11 बजे दवा लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन छात्रा का कहीं पता नहीं चल पाया। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि एक युवक पिछले कुछ दिनों से छात्रा के संपर्क में था। इस जानकारी के आधार पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मामले की जांच कर छात्रा की सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है।

### खोए, चोरी हुए कुल-121 मोबाइल बरामद कर किया गया सुपुर्द



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक चंदौली आकाश पटेल द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सी ई आई आर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर स्वाट/सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा तकनीकी माध्यमों एवं सतत प्रयास के फलस्वरूप विभिन्न स्थानों से खोए/चोरी हुए कुल-121 मोबाइल फोन को सफलता पूर्वक ट्रेस कर बरामद किया गया।जिनको दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सदर की उपस्थिति में शिविर पुलिस लाईन, चन्दौली के नवीन सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।मोबाइल स्वामी अपनें मोबाइल को पाकर प्रसन्न हुए तथा उनके द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा की गयी।कुल बरामदगी 121 मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमत लगभग-36,30,000 रुपए।थानों का विवरण- सैयदराजा-03 बबुरी-07 मुगलसराय-09 धीना-03 चंदौली-21 चकिया-04 चकर्घट्टा-02 नौगढ़-06 सकलडीहा-47 इलिया-02 कंदवा-03 धानापुर-06 सर्विलांस सेल-08 है।

### जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने टीवी मरीजों को वितरित किया पोषण पोटली



मीरजपुर , 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। जिले को टीबी मुक्त बनाने के क्रम में शासन स्तर से जॉच व इलाज की सुविधा निःशुल्क प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है किंतु इलाज पर चल रहे मरीजों को पोषण पोटली भेंट करते हुए गोद लेने के संख्या बल जिले में कम होने की स्थिति में अब स्वयं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मरीज हित में कमान संभालते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी से विशेष पहलकर जिले के समस्त ब्लॉकों हेतु कुल प्राप्त 501 टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने के सराहनीय कार्य का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के हाथों से नगर के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भेंट कराकर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में टीवी के प्रति लोगों को जागरूक करें साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन करने के लाभ के विषय में बताते हुए जनपद को टीवी फ्री बनाने में अपना योगदान दें, उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मरीज के हित में यह पहल एक सराहनी और मददगार पहल है ऐसे नेक कार्यों में सम्मानित एवं सक्षम लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है जिससे कि हमारा जनपद टीबी मुक्त हो सके। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीबी मरीजों के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी से उपलब्ध पोषण पोटली का शीघ्र वितरण करने हेतु जिले के सभी एमओआइसी को आदेशशित किया जा चुका है। रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष आषुतोष दुबे द्वारा जिले को टीबी मुक्त बनाने हेतु कहा कि मेरी समिति द्वारा आगामी समय में भी ऐसे सहयोग दिए जाते रहेंगे। उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, एसीएमओ वीरेंद्र कुमार चैधरी, डॉ मुकेश प्रसाद, डॉ अनिल ओझा, डॉ गौतम डॉक्टर राकेश पटेल, डॉ आनंद यादव, डाक्टर डॉ आनंद, डॉ अवधेश, डॉ नवनीत, डीपीएम अजय कुमार सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### गलत खाते में ट्रांसफर हुई धनराशि को कराया गया वापस

मीरजपुर , 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। मिली जानकारी के अनुसारवेद प्रकाश तिवारी निवासी गोसाईपुर थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर द्वारा "UPI" पोर्टल पर 10,000/- गलती से किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रॉंसफर हो जाने के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गयी ।उक्त के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर प्राप्त सूचना के आधार पर जांच प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना विन्ध्याचल साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान उपरोक्त घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि 10,000/-को पीड़िता के खाते में वापस कराए गये । पैसे खाते में प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा थाना पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं थाना विन्ध्याचल साइबर सेल टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया । आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई ।

### अहरौरा-विंध्याचल फर्जी टोल प्लाजा हटाने की मांग पर कांग्रेस का धरना

मीरजपुर , 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार सिंह पटेल के नेतृत्व में अहरौरा और विंध्याचल अष्टभुजा में लगे फर्जी टोल प्लाजा हटाने तथा मिजार्पुर की जनता को 20 किलोमीटर के दायरे में फ्री लोकल पास जारी करने की मांग को लेकर 10 दिन से चल रहा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन पुलिस प्रशासन द्वारा बीजेपी सरकार के इशारे पर गुंडागर्दी करके जबरन समाप्त करा दिया गया।इस घटना की जानकारी देते हुए डॉ. शिव कुमार सिंह पटेल ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पर शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे, लेकिन प्रशासन ने जनता की जायज मांग को अनदेखा कर धरना समाप्त कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार के दबाव में प्रशासन ने जनता की समस्या का समाधान नहीं किया।कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा उपनेता एवं सांसद प्रमोद तिवारी ने इस पूरे मामले से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अवगत कराया।

# सोनभद्र में स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन, किसान-नौजवान संघर्ष मोर्चा ने पुराने मीटर लगाने की मांग की



सोनभद्र, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। सोनभद्र जनपद में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के संयोजक संदीप मिश्र के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने स्मार्ट मीटर में व्याप्त खामियों के खिलाफ प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इसमें स्मार्ट मीटर हटाने और बिजली विभाग के विजिलेंस कार्यों की जांच कराने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान संदीप मिश्र ने बताया कि जनपद के उपभोक्ता बिजली विभाग की मनमानी से परेशान हैं।स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता और विशेषकर किसान वर्ग आर्थिक रूप से संकट में है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग बिना उचित जांच के उपभोक्ताओं पर मनमाने बिल थोप रहा है।मिश्र ने यह भी बताया कि इससे पहले भी संगठन ने बिजली विभाग के मुख्यालय का घेराव कर स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने की मांग की थी। उस समय अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कदम नहीं उठाया गया है।

मोर्चा ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग का विजिलेंस तंत्र भ्रष्टाचार में लिप्त है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के समरसेबल और अन्य उपकरण जब्त कर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, और बाद में मोटी रकम लेकर समझौता कराया जाता है। कई गरीब परिवारों पर लाखों रुपये तक के बिजली बिल थोप दिए गए हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ रही है। किसानों ने गेहूं खरीद की समस्या के साथ-साथ बढ़ते बिजली बिलों को भी अपनी परेशानी का एक बड़ा कारण बताया। संदीप मिश्र ने कहा कि सरकार में लूट और भ्रष्टाचार के कारण निरंकुशता बढ़ गई है, और नौकरशाही बेलगाम हो चुकी है। प्रदर्शन के दौरान जनप्रतिनिधियों पर भी जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मैन्युअल मीटर नहीं लगाए गए, तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## पांच राज्यों की हिंदी भाषी सम्मेलन में यूपी के शिक्षकों ने किया प्रतिभाग, रखें अपने विचार



दुद्धी, सोनभद्र, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। हरियाणा में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लॉई फेडरेशन के बैनर तले ट्रेड यूनियन क्लास (नॉर्थ जोन) का एक दिवसीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ उक्त अधिवेशन में हिंदी भाषा भाषी पाँच राज्यों (उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान ,पंजाब एवं हरियाणा के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराते हुए सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की ।राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ अमर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में उपस्थित कर्मचारियों की पंजीकरण कार्यवाही के पश्चात सुभाष लांबा (राष्ट्रीय अध्यक्ष - अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ) ने कर्मचारियों की समस्याओं,समाधान और अग्रेत्तर रणनीति पर अपने विचार प्रकट किए।अन्य वक्ताओं में चंद्रशेखर द्वारा फोर लेबर कोड्स पर व्यापक प्रकाशपात किया गया ।

के. कृष्णप्रसाद ने‘ इंडो यू.एस.ट्रेड एग्रीमेंट एंड इट्स कॉन्सिक्वेंसेज’ पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की । ए. कुमार ने इमीडिएट टास्क पर चर्चा करते हुए अधिवेशन को संपन्नता तक पहुंचाने की भूमिका निभाई। उक्त अधिवेशन में राजकीय शिक्षक संघ , उत्तर प्रदेश की सहभागिता विशेष उल्लेखनीय रही। डॉ.अमर सिंह, डॉ. रविंद्र पाल,एवं डॉ.सतीश कुमार ने शिक्षक /शिक्षिकाओं के हितों के संरक्षण हेतु आस और विश्वास के साथ सदन में अपने - अपने सारगर्भित विचार प्रकट किए ।

## मोरवा में एक माह डेरा डालकर रची गई बैंक लूट की साजिश

शक्ति नगर/सिंगरौली , 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। मध्य प्रदेश के जिले में बैंक लूट मामले में पुलिस जांच के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। जिला मुख्यालय स्थित इंल्ल‘ ङ्घा टँ१२ँ३१ं में शुक्रवार को हुई लूट की वारदात के पीछे आरोपियों ने करीब एक माह पहले से योजना बनाई थी। कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी कमलेश कुमार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले में अब तक एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने मोरवा क्षेत्र में बड़ी मस्जिद के पास बदामी देवी का मकान किराए पर लिया था। मकान लेते समय उन्होंने खुद को मजदूर बताया था। शुरूआत में तीन लोग वहां रह रहे थे, बाद में घटना से कुछ दिन पहले दो अन्य साथी भी उनके साथ जुड़ गए।जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी रोज सुबह घर से निकलकर बैंक और आसपास के इलाके की रेकी करते थे और शाम को वापस लौटते थे। इस दौरान उन्होंने लूट की पूरी योजना तैयार की। पुलिस को जब आरोपियों के ठिकाने की जानकारी मिली, तो रविवार शाम बदामी देवी के मकान का ताला तुड़वाकर तलाशी ली गई।

## ज्वालामुखी मेला सेवा समिति के गठन का दावा झूठा, प्रशासन ने किया स्पष्ट



शक्ति नगर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। शक्तिपीठ माँ ज्वालामुखी मंदिर पर लगने वाले पौराणिक एवं पारंपरिक मेले को लेकर एक महत्वपूर्ण खुलासा सामने आया है। मंदिर से जुड़े प्राधिकृत पुजारी एवं तीर्थ पुरोहितों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ह्लश्री ज्वालामुखी मेला सेवा समितिह्व के गठन का दावा पूरी तरह निराधार और भ्रामक है।

इस संबंध में दिनांक 16 अप्रैल 2026 को पत्रांक-11/2026 के माध्यम से एसडीएम कार्यालय के जन सूचना अधिकारी (तहसीलदार) द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बीते 5 वर्षों में ज्वालामुखी मेले के लिए किसी भी प्रकार की कोई आधिकारिक समिति गठित नहीं की गई है। जिला प्रशासन सोनभद्र के अनुसार यह मेला प्राचीन परंपरा के अनुसार स्वतः आयोजित होता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करता है, जबकि मेला आयोजन में किसी संस्था या समिति की कोई भूमिका नहीं होती।

प्राधिकृत पुजारी ने यह बताया कि खुलासे के बाद स्वयंभू ह्लमेला समितिह्व के अध्यक्ष और तथाकथित समाजसेवियों के दावों की सच्चाई सामने आ गई है। आरोप है कि कुछ लोग समिति के नाम पर समाज को भ्रमित कर निजी लाभ लेने का प्रयास कर रहे थे।

मंदिर के प्राधिकृत पुजारी पं. हेमंत मिश्रा ने बताया कि ज्वालामुखी मेला अनादिकाल से परंपरागत रूप से आयोजित होता रहा है। वर्ष 2019 से पूर्व मेला भूमि की नीलामी राजस्व विभाग एवं ग्राम सभा द्वारा संयुक्त रूप से की जाती थी। इस प्रक्रिया को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में चुनौती दी गई थी, जिसके बाद न्यायालय द्वारा नीलामी प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तथाकथित लोगों द्वारा स्वयं को समिति का अध्यक्ष घोषित कर मेले में हस्तक्षेप किया जाने लगा, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। वर्तमान में मेले में पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग और वैकल्पिक मार्ग जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि कुछ लोग तथाकथित समाजसेवा के नाम पर सम्मान समारोह जैसे आयोजन कर समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।मंदिर पक्ष ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की भ्रामक गतिविधियों एवं अव्यवस्थाओं के विरुद्ध न्यायालय के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9मई को



गाजीपुर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09 मई, 2026 को जनपद न्यायालय गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियां व जमानियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। शक्ति सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-01/नोडल अधिकारी, लोक अदालत गाजीपुर की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय गाजीपुर के दसकक्षीय सभागार में समस्त बैंक, बीमा व इंश्योरेंस के साथ बैठक आहूत की गयी। जिसमें नीरज गोंड, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर व बैंक, बीमा व इंश्योरेंस के अधिकारीगण व पदाधिकारीगण उपस्थित हुये। नीरज गोंड, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त के अनुपालन में आज एक आवश्यक बैठक जनपद न्यायालय गाजीपुर के दसकक्षीय सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें मीडियाकर्मी, बैंक के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित हुए। बैठक में दिनांक 09 मई, 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर बैंक ऋण, बीमा ऋण व इंश्योरेंस सम्बन्धी जनहित में प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया, लोकल रेडियों चैनल व मीडिया चैनल तथा यू-ट्यूब के माध्यम से तथा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई।

## वीरपुर निवासी डॉ. आशीष कुमार को मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किए जाने की घोषणा

भांवरकोल/गाजीपुर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. आशीष कुमार को विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षणआयोग (डब्ल्यूसीईपीसी) द्वारा मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान उन्हें मीडिया एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। आयोग द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया है कि डॉ. आशीष कुमार ने राजनीति, मीडिया और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने, जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव के रूप में उनकी सक्रियता और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय रही है। डॉ. आशीष कुमार के कार्यों से समाज के विभिन्न वर्गों में सकारात्मक जागरूकता आई है। उनके नेतृत्व, समर्पण और निरंतर प्रयासों ने सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रभावशाली योगदान दिया है। आयोग द्वारा उन्हें (मीडिया एवं सामाजिक कार्य में मानद डॉक्टरेट 2026) के साथ प्रमाण-पत्र, आजीवन सदस्यता, आजीवन वैध सदस्य पहचान-पत्र एवं प्रचार सामग्री भी प्रदान की जाएगी। विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग ने इस सम्मान के लिए डॉ. आशीष कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चित्र कला प्रतियोगिता किसन कुमार व वैष्णवी कुशवाहा द्वितीय रही



गाजीपुर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर फायर स्टेशन परसा,मुहम्मदाबाद गाजीपुर में, मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र/ छात्राओं का निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें चित्रकला का विषय जब स्कूल में लगी आग- मेरी सोच और समाधान व निबंध का विषय- आग का ज्ञान, आगजनी से निदान रहा।चित्रकला प्रतियोगिता में किशन कुमार, डॉक्टर एमए अंसारी इंटर कॉलेज यूसुफपुर मोहम्मदाबाद ने प्रथम,वैष्णवी सिंह कुशवाहा आरएस कन्वेंट स्कूल बाराचवर ने द्वितीय और जोया परवीन ,आइडियल पब्लिक स्कूल यूसुफपुर मोहम्मदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया निबंध प्रतियोगिता में आयुषी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर करीमुद्दीनपुर प्रथम,नैंसी कुशवाहा, ए के इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय व खुशी प्रजापति, एमए अंसारी इंटर कॉलेज यूसुफपुर मोहम्मदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र व मेडल दिया गया। प्रतियोगिता के पश्चात मुख्य अतिथि अग्निशमन द्वितीय अधिकारी कुलदीप शुक्ला द्वारा सभी छात्रों को आग के विषय में जागरूक किए व स्कूलों में फायर एक्टिंग्यूसर के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। क्षेत्रवासियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिनके सौजन्य से छात्रों को जलपान के रूप में समोसा, केला, लड्डू और कोल्डड्रिंक्स का वितरण भी किया गया तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रायोजकों को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के समापन के दौरान अध्यापकों व क्षेत्रवासियों द्वारा इस सराहनीय पहल की काफी प्रशंसा की गई। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन की अपेक्षा के साथ सभी ने धन्यवाद भी किया।

## गर्मी बढ़ते ही बाजार में बढ़ी गरीबों की देशी फ्रिज की मांग



दुद्धी, सोनभद्र, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। क्षेत्र में जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है लोगों की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। लोगों का कंठ गर्मी की तपिश से सूखने लगा है।लोग अपने-अपने घरों में देसी फ्रिज यानी मिट्टी से बना बर्तन खूब खरीद रहे हैं। मिट्टी से बना मटके का पानी किसी फ्रिज से कम ठंडा नहीं है और पानी का स्वाद भी कई गुना बढ़ा देता है। मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए काफी उत्तम है। दुद्धी के साप्ताहिक बाजार में क्षेत्र मे बढ़ती प्रचंड गर्मी के मद्देनजर देसी फ्रिज की मांग काफी बढ़ गयी। मिट्टी के घड़े की बढ़ती मांग को देखते हुए बाजार में कुम्हार कई किस्म के मिट्टी के बर्तन बेच रहे हैं।कुम्हार ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न प्रकार के घड़ा, सुराही, मटका आदि का निर्माण कर बाजार में बेच रहे हैं।आज भी देसी फ्रिज की मांग समाज के सभी वर्गों में है। खासकर ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में जीवन व्यतीत करने वाले आदिवासी जनजाति परिवार इसके कायल हैं। बाजार में छोटे घड़े की कीमत 50 से 60 रुपए तक तथा बड़े घड़े की कीमत 100 से 150 तक में बिक रही है।मिट्टी के घड़े एवं वर्तन कारोबार में जुड़े कुम्हार बताते हैं कि हम लोग वर्षों से इस धंधे से जुड़े हुए हैं। बारहो महीना हमलोग विभिन्न बाजारों में मिट्टी से बने बर्तन बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पिछले पांच वर्षों से मिट्टी के बने बर्तन की बिक्री में कमी आयी है। गर्मी आते ही मिट्टी के बर्तन की बिक्री कुछ हद तक ठीक-ठाक होती है। हालांकि मिट्टी, कोयले आदि की बढ़ती महंगाई से कुम्हार परेशान हैं और उनका कहना हैं कि मेहनत के हिसाब से मिट्टी के वर्तनों का दाम नही मिल पाती हैं फिर भी हमलोग पुस्तैनी धंधे को संभाल रखा हैं।

## सिंगरौली में शिक्षा विभाग की खरीदी में करोड़ों का घोटाला

सिंगरौली , 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। शिक्षा विभाग में करोड़ों रुपये की खरीदी में कथित अनियमितताओं के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई शिकायत की जांच के बाद की गई है। जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग में विभिन्न मदों में की गई खरीदी में नियमों की अनदेखी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। जांच में सामने आया कि 558 स्कूलों में स्वच्छता और कीटाणुशोधन सामग्री की खरीदी पर करीब 97 लाख 67 हजार रुपये खर्च किए गए। वहीं 19 विद्यालयों के लिए वर्चुअल रियलिटी लैब स्थापित करने में लगभग 4 करोड़ 68 लाख रुपये खर्च हुए। इसके अलावा 61 स्कूलों में विद्युत व्यवस्था, उपकरण और मरम्मत सामग्री पर करीब 3 करोड़ 5 लाख रुपये खर्च किए गए। लोकायुक्त जांच में इन सभी खरीद प्रक्रियाओं में निविदा प्रक्रिया, स्वीकृति और भुगतान को लेकर गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं।

## जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



दुद्धी, सोनभद्र, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। स्थानीय कस्बे के ब्लॉक संसाधन केंद्र के मीटिंग हाल में प्रथम चरण के अंतर्गत होने वाले जनगणना को लेकर ऐप प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण के नोडल नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सहित अन्य ने धूप प्रज्ज्वलित कर जनगणना प्रशिक्षण का श्री गणेश किया। प्रशिक्षण मे इस बार ऐप द्वारा जनगणना किए जाने को लेकर ट्रेनिंग दिया गया, जिसमें घरों की जनगणना घरों की सूचीबध जनगणना करने के लिए विभिन्न आधुनिक तरीकों सहित अन्य तरीके भी बताए गए।

नोडल अमित कुमार ने बताया कि 2011मे हुई जनगणना और अब शुरू हुई जनगणना में बहुत सारे परिवर्तन हुए हैं जो कि इस बार की जनगणना टेक्निकल रूप से की जा रही है जिसमें डिजिटल ऐप के द्वारा सुपरवाइजर एवं प्रगणक को आज प्रशिक्षण के प्रथम दिन जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान भारत की जनगणना 2027 के तहत दुद्धी नगर के लिए जांच अधिकारी नोडल अमित कुमार सरोज बनाए गए हैं जिनके द्वारा आज सभी प्रशिक्षुओं को जनगणना करने हेतु प्रशिक्षित किया गया।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा, जिसका आज सोमवार को पहले दिन की प्रशिक्षण की शुरूआत हुई।

## सिंगरौली में एटीएम सुरक्षा पर सवाल, 24 घंटे सुविधा के दावे के बीच निगरानी नदारद




सिंगरौली, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। मध्य प्रदेश के जिले में संचालित एटीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था गंभीर सवालों के घेरे में है। जहां एक ओर 24 घंटे बैंकिंग सुविधा का दावा किया जाता है, वहीं दूसरी ओर अधिकांश एटीएम केंद्रों पर सुरक्षा के नाम पर न तो गार्ड मौजूद हैं और न ही प्रभावी निगरानी व्यवस्था दिखाई देती है।

जिले के कई एटीएम सुनसान स्थानों पर स्थापित हैं, जहां रात के समय कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं रहती। कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं या केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। ऐसे हालात में ये एटीएम अपराधियों के लिए आसान निशाना बनते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पहले भी जिले में एटीएम से जुड़ी चोरी और लूट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, बावजूद इसके सुरक्षा व्यवस्था में ठोस सुधार नहीं हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एटीएम केंद्रों पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती, नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, कार्यशील सीसीटीवी कैमरे और अलार्म सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। उनका यह भी सवाल है कि एटीएम संचालन से जुड़े नियमों और एग्रीमेंट का पालन वास्तव में हो रहा है या केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित है।

लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी एटीएम केंद्रों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए और सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी वारदात को रोका जा सके।

## पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है गौरीशंकर धाम, अति प्राचीन मंदिर अपने आप में समेटे है कई रहस्यों को



शाहगंज,(सोनभद्), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। जनपद ऐतिहासिक धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से पीछे नहीं है। यहां मौजूद अनमोल प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की जरूरत है। यदि यहाँ की प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों को संरक्षित कर एक धागे में पिरोकर संवारा जाय तो वह दिन दूर नहीं जब औद्योगिक क्षेत्र के रूप में ख्याति प्राप्त करने के बाद सोनभद्र पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान कायम करेगा।

हालांकि शासन-प्रशासन की पहल से इसमें काफी परिवर्तन हुआ है। धार्मिक पर्यटन की लिहाज से देखा जाय तो जनपद मुख्यालय के राबर्ट्सगंज से महज आठ किमी दूरी पर कलवारी-खलियारी स्टेट हाईवे पर सदर ब्लाक के गौरीशंकर स्थित अति प्राचीन मंदिर अपने आप में कई रहस्यों को समेटे हुए है। जहां इस धाम में प्राचीनकाल से अनवरत मेले का आयोजन होता आ रहा है, वहीं मंदिर के निकट बूढ़ा बरगद अपनी कई शाखाओं के साथ अपनी उम्रदराजी को भी बयां करता है। इतना ही नहीं मंदिर में भगवान भोलेनाथ के साथ मां गौरी की सम्मिलित प्रतिमा भी अलौकिक है। इसके अलावां आदि देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की भी प्रतिमा अपने आप में लोगों को आकर्षित करती है। बुजूर्ग बताते हैं कि यहां स्थापित शिवलिंग करीब तीन सौ साल पहले डोड़रा नाले से प्राप्त हुई थी। प्रत्येक शिवरात्रि को माँ गौरी और शिवजी का भव्य श्रृंगार होता है। मेले की खास बात यह है कि यहाँ का मेला शिवरात्रि से प्रारम्भ होकर लगभग एक पखवारे तक चलता है। इसके अतिरिक्त बसंत पंचमी को भी एक दिवसीय मेला लगता है। मेले में खाने-पीने के साथ-साथ जीवनोपयोगी तथा घर-गृहस्थी से सम्बंधित सामग्रियों की भी दुकानें लगती है। मेले में आने वाले लोग गुड़हिया जलेकी का स्वाद चखने से भी नहीं चुकते। खाते भी हैं और घर भी ले जाते हैं। पुरुषों के अलावां रंग-बिरंगे परिधानों में संजी-संबरी महिलाओं की भीड़ तो अत्यधिक आकर्षक लगती है। बच्चों और बुजुर्गों की भी भीड़ कम नहीं रहती.पहले मेले में तय होती थी शादी-गौरीशंकर धाम मेले में पहले बिरादरी के लोग इकट्ठे होते थे। कुशल क्षेम के अलावां शादी-विवाह की भी बातें होती थी। इस दौरान कुछ शादियां तक भी हो जाती थी। प्रेम-व्यवहार एवं भाईचारा का भाव स्पष्ट रूप से दिखता था। लोग अपनी बिरादरी के सम्मानित बड़े बुजुर्गों की बात मानते थे। आसपास के गावों में स्थित अपनी रिश्तेदारी में लोग रूकते थे। इसकी तैयारी पहले से ही पूरी कर ली जाती थी। शादी के पूर्व क्षेत्र के लोग माँ पार्वती के चरणों में सिन्दूर चढ़ाकर उसी का प्रयोग शादी की रस्म के समय करना एक रिवाज सा बन गया हैं। हालांकि यह परम्पराएं अब लगभग समाप्त हो चुकी है।सिमटता जा रहा प्राचीन मेला का आकार-कभी गौरीशंकर मेला क्षेत्र का आकार इतना बड़ा होता था कि बुजुगर्ग और बच्चे घूमते-घूमते थकान महसूस करने लगते थे। हाथी, बाघ, भालु, चीता, आदि जंगली जानवरों कि बुजुर्ग और बच्चे के साथ सर्कस में बड़े बड़े झूले भी आते थे ! इसका मेला में जाने वाला लगभग हर व्यक्ति लुत्फ उठाता था। कठपुतली व नौटंडी पार्टी का भी लोग मनोरंजन करते थे। हर तरफ रंग-विरंगी परिधानों में सजीं संवरी महिलाएं झूण्ड में भगवान शंकर जी की स्तुति गाती हुई जाती देखी जाती थी। मेले को लेकर बच्चों, युवाओं में खास उत्साह दिखता था। महाशिवरात्रि के दो दिन पहले से ही नंग पांव पैदल कांवर में गंगा का पवित्र जल लेकर जलहरू यहां ह्यबम-बम-बम भोलेह्ल के उदघोष के साथ आते थे। जो महाशिवरात्रि के भोर में श्रृंगारोत्सव के बाद आशुतोष भगवान शंकर को जलाभिषेक करते थे। अब इनकी संख्या भी न के बराबर हो गयी है। गौरीशंकर धाम परिक्षेत्र में स्थानीय लोगों की बढ़ती आबादी के करण मेला क्षेत्र के आकार सिमटने का प्रमुख वजह बताया जा रहा है। यदि यहीं हाल रहा तो उक्त अति प्राचीन मेला आने वाली पीढ़ियों के लिए सिर्फ कहानी बनकर रह जायेगी?

## चकेरी धाम को पर्यटक केन्द्र के रूप मे विकसित करने की मांग- संत त्रिवेणी दास जी महराज

देवकली( गाजीपुर), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। देवकली ब्लाक के दक्षिणी छोर गंगा के किनारे पर स्थित चकेरी धाम ऐतहासिक व धार्मिक क्षेत्र होने के बावजूद उपेक्षित है। चकेरी धाम मंदिर मे स्थापित मां दुर्गा मंदिर पर प्रतिवर्ष नवरांत्रि मे भारी भीड भाड होती है। रामनवमी व पूर्णिमा को विशाल मेला लगता है। साथ साथ प्रत्येक स्नान पर्व पर मां गंगा मे स्नान करने के लिए श्रदालू भक्तो की भारी भीड होती है। गाजीपुर के अलावा गंगा के दूसरे छोर पर स्थित चंदौली व वाराणसी जनपद सहित दूर दराज से भी भक्त जन मां दुर्गा का दर्शन करने करने के लिए आते है। ऐसी मान्यता है। जो भी भक्त दर्शन,पूजन,अर्चन करके मत्था टेकता है। उसकी मन की मूरादें अवश्य पूरी होती है। गंगा के किनारे एक पोखरा है। जिसमे गंगा का पानी हमेशा चक्कर काटता रहता हहै। उसमे जो भी वस्तु डाली जाती है। उसका पता नही चलता है। उसकी गहराई नापने का क ई बार प्रयास किया गया परन्तु पता नही चल सका कहा जाता है। कि महाभारत काल मे भीम व कीचक का युध्द यही हुआ था।मां दुर्गा का मंदिर गंगा के किनारे होने से वर्षा के दिनों मे बाढ का पानी सदैव चक्कर काटता रहता है। जिससे गंगा की धारा मे विलीन होने का खतरा सदैव बना रहताहै। यह धाम उस समय सूर्खियो मे आया जब तीन दशक पूर्व चकेरी धाम के महन्थ संत त्रिवेणी दास जी महराज ने लम्बें ऊंचे चौडे चबूतरे पर विशाल मंदिर का जीणोर्धार कराकर मंदिर का निर्माण कराकर जयपुर राजस्थान से 9 कुन्तल वजन की विशाल संगमरमर की मां दूर्गा की मूर्ति स्थापित करके महायज्ञ कराया तथा धाम के चारों तरफ नागरिकों के सहयोग से चहरदिवारी व सीढी का निर्माण कराया परन्तु बाढ मे सैकडो फूट मंदिर की चहरदिवारी ध्वस्त हो गयी। धन के अभाव मे आज तक चहरदिवारी का पुननिर्माण नही हो सका जिससे प्रति वर्ष बाढ का पानी टकराने से मंदिर धराशायी होने की प्रबल संभावना बनी रहती है।

# सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री सहित तीन के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज

## थाना सरायलखंसी की फर्जी मुहर लगाकर पासपोर्ट की फर्जी गुमशुदगी तैयार करने का मामला

मऊ, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। सरायलखंसी थाने की फर्जी मुहर लगाकर पासपोर्ट की फर्जी गुमशुदगी का प्रमाण पत्र तैयार कर न्यायालय में दाखिल करने के मामले में अपर पुलिस अधीक्षक की जांच रिपोर्ट और पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद सोमवार को सरायलखंसी थाने में सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अजय कुमार सिंह, अधिवक्ता ब्रह्मानंद सिंह व भूपेंद्र सिंह के विरुद्ध जालसाजी की धाराओं में एफआईआर दर्ज हुआ। एक वर्ष तक चली जांच और दोनों पक्षों के बयान और प्रपत्रों के अवलोकन के बाद पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

मामले के अनुसार कोपागंज थाना क्षेत्र के लैरोदोनवार गांव निवासी विनोद कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया था। तहरीर के अनुसार अजय कुमार सिंह ने आपराधिक मुकदमों को छुपाकर जिलाधिकारी के समक्ष झूठा शपत्र देकर शस्त्र लाइसेंस जारी करा लिया था। जिसकी शिकायत विनोद कुमार सिंह ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तत्कालीन को सीओ नगर धनंजय कुमार पांडेय ने जांच किया, जांच में आरोप सही पाए जाने पर अजय कुमार सिंह के विरुद्ध जालसाजी की धाराओं में सरायलखंसी थाना में एफआईआर दर्ज हुआ था। जिसमें अजय कुमार सिंह को जिला एवं सत्र न्यायालय से सशर्त अग्रिम जमानत मिली हुई थी। उन्हें अपना पासपोर्ट सीजेएम न्यायालय में जमा करना था ,लेकिन जमा नहीं किया। जमानत आदेश के शर्तों का उल्लंघन करने पर विनोद कुमार सिंह ने अजय कुमार सिंह को मिली अग्रिम जमानत को निरस्त करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें अजय कुमार सिंह ने शर्त नंबर 4 के अनुपालन मे पासपोर्ट सीजेएम न्यायालय में जमा नहीं किया के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पासपोर्ट की गुमशुदगी के बावत एक प्रार्थना पत्र तैयार कर उस पर सरायलखंसी थाने की फर्जी मुहर लगाकर और फर्जी हस्ताक्षर बनाकर फर्जी गुमशुदगी प्रमाण पत्र तैयार किया। और उसे न्यायालय में दाखिल किया। जिस पर विनोद कुमार सिंह ने थाना सरायलखंसी से जनसूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रमाण पत्र के बावत सूचना मांगी। सरायलखंसी थाने से मिली जनसूचना से पता चला कि अजय कुमार सिंह ने थाना की फर्जी मुहर लगाकर उस पर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर फर्जी गुमशुदगी प्रमाण पत्र बनाया है। इस तरह के प्रमाण पत्र का थाने की जीडी में कोई उल्लेख नहीं है। जिस पर विनोद कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले में एफआईआर दर्ज करने के अनुरोध किया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मामले की सीओ नगर, थाना सरायलखंसी के एसआई, अपर पुलिस अधीक्षक ने अलग अलग जांच कर अपनी रिपोर्ट दिया था। जिसपर एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने सभी जांच रिपोर्ट का अवलोकन कर रिपोर्ट मांगा था। अपर पुलिस अधीक्षक ने जांच रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद पाया कि अजय कुमार सिंह ने फर्जी कूटरचित प्रमाण पत्र तैयार किया जाना पाया। एएसपी की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक ने मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश थानाध्यक्ष सरायलखंसी को दिया था। जिस पर पुलिस ने सोमवार को तीनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 141/26 धारा 318(4),338,336(3),348(2),351(2) बीएनएस के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

### दहेज हत्या मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध /अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर कृश राजपूत के तथा थानाध्यक्ष बसन्त लाल थाना दक्षिणटोला के कुशल नेतृत्व में सोमवार को दहेज हत्या का मुख्य आरोपी को बड़ी रहजनियां से आरोपी पति महावीर चौहान पुत्र स्व0 सुखनंदन चौहान को गिरफ्तार किया । वादी सन्तोष चौहान पुत्र स्व0 रामचरन चौहान की लड़की श्वेता चौहान के साथ उसके पति तथा जेठ व जेठानी के द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा प्रताड़ना से तंग कर खुद की लड़की द्वारा आत्महत्या कर ली।

## घोसी नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप, सभासदों ने मुख्यमंत्री से की जांच की मांग

घोसी (मऊ), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। ।आदर्श नगर पंचायत घोसी के सभासदों ने अध्यक्ष , अधिशासी अधिकारी , लिपिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन भेजकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत में लंबे समय से नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी ढंग से कार्य कराए जा रहे हैं तथा जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन हो रहा है।सभासदों के अनुसार, पिछले 12 महीनों से नगर पंचायत की बोर्ड बैठक नहीं कराई गई, जबकि प्रत्येक माह बैठक होना अनिवार्य है। आरोप है कि बिना बैठक कराए ही कार्यवाही रजिस्टर में कई महीनों की कार्यवाही दर्ज कर दी गई और सभासदों पर हस्ताक्षर के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हस्ताक्षर न करने पर वार्डों में विकास कार्य न कराने की धमकी भी दी जा रही है। इतना ही नहीं, कुछ सभासदों के फर्जी हस्ताक्षर करने का भी आरोप लगाया गया है, जिसकी जांच की मांग की गई है।उन्होंने बताया कि बोर्ड बैठकों में पारित प्रस्तावों को पारदर्शी तरीके से दर्ज नहीं किया जाता। लिपिक द्वारा बाद में मनमाने ढंग से कार्यवाही रजिस्टर में प्रविष्टियां की जाती हैं और उन्हीं के आधार पर कार्य कराए जाते हैं। सभासदों का कहना है कि बैठकों की सूचना तो दी जाती थी, लेकिन एजेंडा, बजट विवरण और पूर्व में कराए गए कार्यों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे निर्णय प्रक्रिया प्रभावित होती है।

सभासदों ने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कार्य शासन की मंशा के विपरीत कराए जा रहे हैं और प्राक्कलन/आगणन मांगने पर भी उपलब्ध नहीं कराया जाता। कार्यवाही रजिस्टर में कूट रचना कर बिना बोर्ड की अनुमति के कार्य कराने की बात भी कही गई है।एक अन्य आरोप के अनुसार, धरौली मोड़ से मझवारा मोड़ तक पहले से लगे पोल और लाइट के बावजूद पुनः नए पोल व लाइट लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। वहीं, मई 2023 से अब तक आउटसोर्सिंग के माध्यम से कई अनावश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति कर उनसे निजी कार्य कराए जाने का भी आरोप है। इसमें अध्यक्ष के परिजनों को भी लाभ पहुंचाने की बात कही गई है।सभासदों ने वर्ष 2024 में नाला सफाई के नाम पर लगभग 42 लाख रुपये की निविदा निकालकर बिना कार्य कराए भुगतान करने का आरोप लगाया है।

### घोसी में टीडी व डीपीटी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ, 230 बच्चों को लगे टीके

घोसी (मऊ), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। स्थानीय नगर के कस्बा खास स्थित प्राथमिक विद्यालय भाग एक के परिसर में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी के अधीक्षक डॉ. एचके पंकज के नेतृत्व में टीडी एवं डीपीटी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ एएनएम करुणा देवी ने संजना को पहला टीका लगाकर की।यह अभियान 20अप्रैल से 30अप्रैल तक संचालित होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी के अधीक्षक डा एचके पंकज ने बताया कि अभियान के तहत कक्षा एक के बच्चों को डीपीटी तथा कक्षा पांच और दस के बच्चों को टीडी का टीका लगाया जा रहा है। यह अभियान बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है और इसके माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले अभियान के पहले दिन घोसी ब्लाक क्षेत्र में कुल 230 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसमें प्राथमिक विद्यालय के 160 तथा जूनियर हाई स्कूल के 70 बच्चे शामिल रहे। विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यवस्थित ढंग से टीकाकरण किया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में जागरूकता भी बढ़ी।

## शिक्षा से सशक्त भविष्य की ओर: धरौली विद्यालय में ज्ञान और प्रेरणा का उजाला



घोसी (मऊ), 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। घोसी ब्लॉक अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय, धरौली में गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती के नेतृत्व में एक प्रेरक शैक्षिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय, हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका सोनकर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं डॉ. सोनकर को विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों—अंतरिक्ष एवं स्टेम लैब, विज्ञान-गणित प्रयोगशाला, एल.बी.डी., आईसीटी, कम्प्यूटर लैब तथा पुस्तकालय का अवलोकन कराया। बच्चों की सक्रिय भागीदारी और जिज्ञासा से प्रभावित होकर डॉ. सोनकर ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उनके प्रश्नों के संतुलित और प्रेरणादायक उत्तर दिए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन को समझने और उसे बदलने की शक्ति है। उन्होंने शिक्षा को तर्कशीलता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक जागरूकता का आधार बताते हुए कहा कि यही हमें अंधविश्वासों और रूढ़ियों से मुक्त कर एक सजग नागरिक बनाती है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि चूल्हा-चौका से आगे बढ़कर शिक्षा को अपनाना ही सशक्त भविष्य की कुंजी है। उनके विचारों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक शिवचंद राम ने अपने जीवनानुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को संघर्ष, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहते हैं और सीखने की जिज्ञासा बनाए रखते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शिक्षा के प्रति अपनी नई प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

इस अवसर पर डॉ. तेजभान, जितेन्द्र भारती, सुरेन्द्र कुमार, मेहंदी रजा, नीलम पटेल, शबाना, पूजा, अमीषा, नीरज, राकेश कुमार गौतम, अर्जुन आदि उपस्थित रहे।

## मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न पर सख्ती ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई



बलिया, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। बलिया में परिवहन विभाग ने वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) अरुण कुमार राय की अध्यक्षता में सोमवार को डीलरों, मोटर गैराज और वर्कशॉप संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न या हूटर लगाना पूरी तरह अवैध है। ऐसे उपकरण ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पर भी गंभीर असर डालते हैं। इन मामलों में मोटरयान अधिनियम, 1988 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

यदि कोई गैराज या वर्कशॉप इस तरह के अवैध उपकरणों की बिक्री या इंस्टॉलेशन करता पाया जाता है, तो उस पर धारा 182अ(3) के तहत प्रति मामले एक लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

वाहन मालिक द्वारा अनधिकृत बदलाव करने पर धारा 182अ(4) के तहत छह माह तक की जेल या पांच हजार रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों का प्रावधान है।इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति ऐसा वाहन चलाता है जो ध्वनि या वायु प्रदूषण के मानकों का उल्लंघन करता है, तो धारा 190(2) के तहत तीन माह तक की सजा, दस हजार रुपये तक का जुमार्ना और ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किया जा सकता है।जिन वाहनों में ऐसे अवैध साइलेंसर या उपकरण पाए जाएंगे और जिनका चालान किया जा चुका है, उनके पंजीयन प्रमाण पत्र (फ्छ) को धारा 53(1) के तहत निलंबित करने की कार्रवाई भी प्राथमिकता से की जाएगी।

परिवहन विभाग ने जनपद के सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार के अवैध मॉडिफिकेशन से बचें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 16वीं जनगणना पहली बार डिजिटल, बलिया में प्रशिक्षण शुरू, प्रगणकों को ट्रेनिंग, डिजिटल तरीके से होगी गणना



बलिया, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। बलिया में 16वीं जनगणना की तैयारियों के तहत सोमवार को सेंट जेवियर्स स्कूल, धरहरा में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने इसका शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से कराई जा रही है, जिससे यह अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के दिशा-निदेर्शों की सही जानकारी सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों तक पहुंचाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नियमित उपस्थिति अनिवार्य की गई है। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे अपने कार्य को बेहतर ढंग से समझ सकें।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनगणना का कार्य 07 मई से शुरू होकर 15 दिनों तक चलेगा। इसके बाद वर्ष 2026 में मकान गणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और फिर प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़े एकत्रित करेंगे।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण सामग्री का गहन अध्ययन करने और किसी भी समस्या पर तत्काल ट्रेनरों से संपर्क करने की अपील की। ट्रेनरों को भी प्रभावी प्रशिक्षण देने और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि जनगणना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें समयबद्ध और सटीक कार्य करना आवश्यक है और सभी कार्य भारत सरकार के निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार ही किए जाएं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के विभिन्न केंद्रों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में प्रगणक और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में दिव्यांग को मिली तत्काल सहायता, डीएम ने खुद दी ट्राई साइकिल,



बलिया, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। बलिया के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति को तत्काल सहायता प्रदान की। उन्होंने ग्राम जुगेसरा निवासी मंटू चौहान को अपने हाथों से ट्राई साइकिल भेंट की।

मंटू चौहान अपने बड़े भाई के साथ जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में पहुंचे थे। उन्होंने एक प्रार्थना पत्र सौंपकर ट्राई साइकिल और आवास उपलब्ध कराने की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल दिव्यांगजन अधिकारी को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ट्राई साइकिल तुरंत मंगाई जाए और वह स्वयं इसे प्रदान करेंगे। निर्देश के बाद जनसुनवाई के बीच ही ट्राई साइकिल मंगाई गई।

जिलाधिकारी ने मंटू चौहान को अपने हाथों से ट्राई साइकिल भेंट की। ट्राई साइकिल मिलते ही मंटू चौहान और उनके भाई के चेहरे पर खुशी साफ झलकने लगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंटू चौहान को आश्वस्त किया कि सरकार की सभी पात्र योजनाओं का लाभ उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

## शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश



मऊ, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। साथ ही, जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए । पीएम सूर्य पर मुक्त बिजली योजना में जनपद बी ग्रेड में होने पर जिलाधिकारी ने इसमें सुधार करते हुए इसको ए ग्रेड में लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रतिदिन सोलर इंस्टॉलेशन की औसत जानकारी ली एवं लोगों को प्रेरित करते हुए सोलर लगवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत यूनियन बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित होने पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को इसका निस्तारण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जितने भी आवास अभी अपूर्ण है उसको बनाने के निर्देश संबंधित खंड विकास अधिकारी को दिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश अधिशासी अभियंता जल निगम को दिए। फैमिली आईडी में जनपद की रैंकिंग खराब होने पर इसमें लगनता पूर्वक कार्य करते हुए इसको ठीक करने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन में जितने भी आवेदन लंबित हैं उसका निस्तारण जल्द से जल्द करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में जितनी भी गौशालाएं हैं वहां पर गर्मी के बचाव हेतु हरा चारा, पानी, छांव सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुम्हारी/माटीकला के कारीगरों को रोजगार के लिए आवेदन 15 मई तक

मऊ, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि उ० प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु शासन द्वारा जनपद को लक्ष्य आवंटित किये गये है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सतत हो रहे नुकसान के परिपेक्ष में प्लास्टिक से निर्मित कप प्लेट आदि के उपयोग को प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके विकल्प के रुप में मिटटी से निर्मित पात्रो का उपयोग एवं उसके औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कुम्हारी / माटीकला से सम्बन्धित परम्परागत करीगरों को वर्तमान में अपेक्षा के अनुरुप प्रशिक्षित कराते हुये माटीकला उद्योग को बढावा देने का प्राविधान है। जिनकी उम्र 18 वर्ष से 55 वर्ष हो तथा माटीकला का परम्परागत कारीगर एवं वर्तमान में कार्य कर रहे हो एवं माटीकला से जुडे उद्यमियों / शिल्पकारो समूहो एवं समितियों को कामगारो के लिये मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना अंतर्गत 10 लाख रुपये तक ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें बैंक द्वारा ऋण धनराशि का 95 प्रतिशत एवं उद्यमी का स्वंय का अंशदान 5 प्रतिशत दिये जाने का प्राविधान है। पूँजीगत ऋण के धनराशि पर 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी के रुप में अनुदान स्वरुप प्राप्त होगी रु0 5 लाख से अधिक कर्ज प्राप्त करने के लिये अभ्यर्थियों को कम से कम आठवी कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, आवेदन की अन्तिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय संगीत पैलेस निजामुदीनपुरा एवं मो० नं0 7408410764, 7905331603 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### नगर पालिका की जनसुनवाई में 12 आवेदन आए, 1 निस्तारित



मऊ, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। नगरवासियों की समस्याओ के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शासन ने संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसुनवाई की व्यवस्था की है। जिसके तहत सोमवार को नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार के निर्देश पर संदीप कुमार सहानी ने जनसुनवाई की। इस दौरान कुल 12 शिकायतें आई, जिसमें मौके पर 1 का निस्तारण हुआ। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में निर्माण विभाग से 5, जलकल विभाग से 2, सफाई विभाग से 4 एवं प्रकाश विभाग से 1 शिकायतें प्राप्त हुयीं हैं। इस प्रकार आज की जनसुनवाई में संयुक्त रूप से पालिका को कुल 12 शिकायतें मिलीं हैं।

### 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर सिंह के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में सोमवार को थाना हलधरपुर पुलिस ने नियामानुसार हलधरपुर हाल्ट के पास बने डीह बाबा मन्दिर के पीछे से मु0अ0सं0 33/26 धारा 108 बी0एन0एस0 थाना हलधरपुर मे वांछित अभियुक्तगण सुरेन्द्र प्रसाद गोंड़ पुत्र स्व0 धर्मू गोंड़,विनय कुमार गोंड़ पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद गोंड़,विक्की गोंड़ उर्फ दीपू पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद गोंड निवासीगण हलधरपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया ।

### महिला बिल का विरोध परिवारवाद है

बलिया, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। गोरखपुर से बीजेपी सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन ने बलिया में महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वालों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अखिलेश यादव के महिला बिल पर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बिल का विरोध करने वाले सभी 'परिवारवादी' हैं।सांसद रवि किशन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसे दलों के नेता अपनी बहनों को आगे नहीं देखना चाहते। उन्होंने कहा कि वे तीन दिन तक सदन में मौजूद थे और उन्होंने देखा कि जितने भी लोगों ने बिल का विरोध किया, वे सभी परिवारवाद से जुड़े थे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 52 लाख की आबादी वाले गोरखपुर में एक महिला सीट बन सकती थी।रवि किशन ने आगे कहा कि देश में कुल 70 करोड़ महिलाएं हैं, लेकिन ये लोग उन्हें झाड़ू-पोंछा और किचन तक ही सीमित रखना चाहते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मां और पत्नी घर संभाल रही हैं, तभी ये नेतागिरी कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रचार में पत्नियां आती हैं तो वोट मिलता है, लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया जाता। बीजेपी सांसद ने विरोधियों पर महिला विरोधी और सामंतवादी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने 65 साल तक देश को लूटा है और अब उन्हें डर है कि महिला आरक्षण बिल पारित होने से उनकी सीटें चली जाएंगी। रवि किशन ने दावा किया कि ये लोग नहीं चाहते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बिल का पूरा श्रेय मिले, इसलिए उन्होंने इसे रोकने की कोशिश की।

### बलिया में आपदा पीड़ितों को मिली राहत

बलिया, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)। बलिया में आपदा प्रभावित 13 परिवारों को राहत राशि वितरित की गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यह सहायता राशि प्रदान की। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश पर, डूबने और सर्पदंश से हुई मौतों के मामलों में प्रत्येक पीड़ित परिवार को राज्य आपदा मोचक निधि से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। यह धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई।

### युवक पर पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज

बलिया, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।बलिया के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के देवड़ीह गांव में रविवार को हाई वोल्टेज ड्रामा करने वाले युवक मिथुन राजभर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रेम प्रसंग के चलते 33 हजार वोल्ट के बिजली टावर पर चढ़ने वाले इस युवक के खिलाफ पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसा है। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। रविवार सुबह करीब 9 बजे मिथुन राजभर गांव के पास स्थित हाई टेंशन बिजली टावर पर चढ़ गया था। वह गांव की ही एक नाबालिग लड़की से बात कराने की जिद पर अड़ा था और नीचे कूदने की धमकी दे रहा था। लगभग एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम के बाद पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे सुरक्षित नीचे उतारा था। युवक के सुरक्षित नीचे उतरते ही पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी मिथुन राजभर के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। वर्तमान में किशोरी के बयान दर्ज कराने और अन्य वैधानिक औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया चल रही है।

### जल निकासी की समस्या पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

बलिया, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।ब्बलिया के रसड़ा ब्लॉक स्थित खिरौली गांव में जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। गांव की सड़कों पर गंदा पानी जमा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण घरों का गंदा पानी और बारिश का पानी आरसीसी सड़कों पर बह रहा है। इससे सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए ब्लॉक और तहसील के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान हरेराम यादव, मनोज यादव, हरेराम, महेश, दुलारी, फूलमती और सोनू कुमार के नेतृत्व में बजबजाती नाली के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल निकासी की समस्या का तत्काल समाधान नहीं किया गया, तो वे आर-पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पहले जल निकासी की व्यवस्था थी, लेकिन कुछ दबंग लोगों द्वारा मनमाने तौर पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिए जाने से स्थिति गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि यदि ब्लॉक और तहसील के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या के समाधान में रुचि नहीं दिखाते हैं, तो वे जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# विद्यालय में बच्चों से झाड़ू लगवाने की वीडियो वायरल, शिक्षक के कार्यशैली पर उठा सवाल



**तहबरपुर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** जिले में एक बार फिर बेसिक शिक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो में एक शिक्षक हाथ में डंडा लिए बच्चों से विद्यालय परिसर में झाड़ू लगवाते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आते ही लोगों में आक्रोश फैल गया और शिक्षक की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे।

बताया जा रहा है कि यह मामला तहबरपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बेगपुर का है। वायरल वीडियो में तीन छोटे बच्चे हाथों में झाड़ू लेकर स्कूल की सफाई करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि शिक्षक पास में डंडा लेकर खड़े हैं। इस दृश्य ने शिक्षा व्यवस्था की संवेदनशीलता और बच्चों के अधिकारों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। गौरतलब है कि इससे पहले अजमतगढ़ विकास खंड से भी एक वीडियो सामने आया था, जिसमें प्रधानाध्यापक बच्चों से गाड़ी धुलवाते नजर आए थे। उस मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने संबंधित प्रधानाध्यापक को तत्काल निलंबित कर दिया था। अभी वह मामला पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था कि एक और वीडियो ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस ताजा मामले पर बीएसए राजीव पाठक ने कहा कि वीडियो अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने अभिभावकों और आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि स्कूलों में बच्चों से इस तरह का कार्य कराना न केवल अनुचित है, बल्कि यह उनके अधिकारों का भी उल्लंघन है। अब देखना होगा कि जांच के बाद प्रशासन क्या कदम उठाता है और दोषियों पर किस प्रकार की कार्रवाई होती है।

# संदिग्ध हालात में छात्र की मौत

## ❑ बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



**फूलपुर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमपुर गांव में एक 17 वर्षीय छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशाल यादव (17) पुत्र मुन्नीलाल, जनता इंटर कॉलेज अंबारी में कक्षा 12 का छात्र था। रविवार रात अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे तत्काल फूलपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर हायर सेंटर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, डॉक्टरों ने शरीर में जहर होने की आशंका जताई है। हालांकि, छात्र के शरीर में जहर कैसे पहुंचा, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद जनता इंटर कॉलेज अंबारी में शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सोमवार को भेड़िया कुंवर नदी के तट पर छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव में घटना को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।

# युवकों पर जानलेवा हमले का आरोपी तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

## मुबारकपुर में प्रॉपर्टी विवाद में हुई थी हिंसक झड़प



**मुबारकपुर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर हुई मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को ग्राम सठियांव स्थित त्रिदेव ग्रुप प्लॉटिंग में हिस्सेदारी और निवेश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला गाली–गलौज से बढ़कर मारपीट में बदल गया और दोनों पक्षों ने लाठी–डंडों व ईंट–पत्थरों से एक–दूसरे पर हमला कर दिया। इस घटना में मऊ जनपद के सत्यनंद चौबे और विकास चौबे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल आजमगढ़ में चल रहा है। घटना के दौरान कमलेश्वर दूबे उर्फ गोलू ने अवैध तमंचा निकालकर विपक्षी पक्ष को जान से मारने की नीयत से धमकाया। मामले में मुबारकपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने 20 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर दामोदरपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी कमलेश्वर दूबे (28) निवासी गजहड़ा, थाना मुबारकपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से .315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है और रंजिश के चलते अवैध असलहा अपने पास रखता था। घटना के दिन उसी हथियार से उसने विपक्षी पक्ष को धमकाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव सहित मुबारकपुर पुलिस टीम शामिल रही।

# पराली की आग से खड़े ट्रक में लगी आग, जलकर हुआ राख



**बरदह, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** बरदह थाना क्षेत्र के ठेकमा बाजार स्थित सादीपुर पोखरा के पीछे रविवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब पराली जलाने से उठी आग ने पास खड़ी एक ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते ट्रक आग का गोला बन गई। आनन फानन में लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। ग्रामीण रामसकल ने बताया कि ट्रक चालक वाहन खड़ा कर भोजन करने गया था। इसी दौरान पास में जलाई गई पराली से आग भड़क उठी और तेजी से फैलते हुए ट्रक तक पहुंच गई। कुछ ही देर में पूरा वाहन आग की लपटों में घिर गया। आग की भयावह स्थिति को देखते हुए स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बाल्टी, पानी व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही ठेकमा चौकी से सिपाही पंकज यादव और सुनील सरोज भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने पुलिस और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक में आग लगने से कुछ क्षति हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

# बीएसएनएल कर्मियो के साथ सौतला व्यवहार कर रही सरकार




**आजमगढ़, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** आल यूनियन एंड एसोसिएशन आफ बीएसएनएल दिल्ली के आह्वान पर आजमगढ़ में बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन सहित सभी संगठनों द्वारा सोमवार को सी–डाट कार्यालय के परिसर में कर्मचारियों /अधिकारियों द्वारा लंच के दौरान सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। सरकार विरोधी नारे लगाए गए एवं कर्मचारियों की एकजुटता एवं कड़े संघर्ष का संकल्प लिया गया। सहायक महासचिव आनंद कुमार सिंह ने कहाकि ने कहाकि यह प्रदर्शन दूरसंचार विभाग द्वारा इस महीने के वेतन के साथ ओद्यौगिक महंगाई भत्ता बकाया के भुगतान की फाइल को मंजूरी देने में की जा रही अनावश्यक देरी के विरोध में प्रदर्शन करने को बाध्य है। इस देरी से न केवल बीएसएनएल कर्मचारी प्रभावित हुए हैं, बल्कि पेंशनभोगी भी प्रभावित हुए हैं। इसे लेकर 16 अप्रैल 2026 को पूरे देश में सभी सीसीए कार्यालयों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किये जा चुके है। वहीं अब, सभी ईकाईयों द्वारा प्रदर्शन कर आवाज उठाई जा रही है। आनंद कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार लगातार बीएसएनएल कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। अभी हम सातवें वेतन की मांग को लेकर संघर्षरत थे ही उसी में ओद्यौगिक महंगाई भत्ता के मामले के जरिये सरकार हम कर्मचारियों को शोषण कर रही है। मांग पूरी होने तक हम पूरी एकजुटता के साथ खड़े रहेंगे। इसके अलावा रामफेर राम जिला सचिव, अभिनव द्विवेदी, हरिद्रश राय आदि ने जमकर सरकार के खिलाफ अपनी भड़ास निकाली और मांगों को पूर्ण कर बीएसएनएल कर्मियों के साथ न्याय करने की बात कही। सांकेतिक धरने में कुसुमलता, किस्मती, संतोष सिंह, प्रशांत कुमार यादव, सुनील उपाध्याय कतवारु प्रसाद विश्वकर्मा, प्रथमानंद सिंह, विजय कुमार अवधेश तिवारी, माता प्रसाद यादव परमेश्वर शाह, अरविंद कुमार उपाध्याय, बालमुकुंद यादव, सुनील कुमार सिंह, सुनील कुमार चौहान, तौफीक आलम, छेदीलाल शर्मा, कमलेश कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, गुलाबचंद मौर्य, राजेंद्र प्रजापति, नीलम पांडे, अविनाश कुमार मौर्य, सादिक अली, वैष्णो सिंह, रवि प्रकाश देवेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नष्ट किया 7.35 करोड़ कीमत के 864 किलो मादक पदार्थ

**आजमगढ़, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत "ऑपरेशन दहन" के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की गई। विभिन्न थानों द्वारा पूर्व में बरामद किए गए अवैध मादक पदार्थों का न्यायालय व संबंधित प्राधिकारी के आदेश पर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा विनष्टीकरण कराया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में कुल 864.184 किलोग्राम गांजा, हीरोइन/स्मैक, डायजापाम सहित अन्य नशीले पदार्थों और लगभग 1000 डायजापाम टैबलेट्स को नष्ट किया गया। इनकी अनुमानित कीमत करीब 7, 35, 55, 640 आंकी गई है। विनष्टीकरण की प्रक्रिया मानक प्रोटोकॉल के तहत मेसर्स सिलिकॉन बायोटेक प्रा. लि., भादो (माहुल, मार्टीनगंज) स्थित औद्योगिक इकाई में स्थापित इंसीनिरेटर/ब्वायलर के माध्यम से पूरी की गई। पूरी कार्रवाई के दौरान फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराई गई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक कुमार त्रिपाठी, प्रभारी विशेष मालखाना निस्तारण सेल उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश मिश्रा, डीसीआरबी के आरक्षी प्रदीप कुमार शाह, मुकेश कुमार गिरी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी यातायात विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी व दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

# पेट्रोल पंप के पास लगी आग, बड़ी अनहोनी टली



**आजमगढ़, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** शहर के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिविल लाइन स्थित घंटाघर के पास बीती रात अचानक आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। घटना रविवार की रात करीब 2.45 बजे की बताई जा रही है, जहां पेट्रोल पंप के बगल में आग भड़क उठी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग पेट्रोल पंप के नजदीक लगी थी, जिससे खतरा और बढ़ गया था। हालांकि, फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते स्थिति जल्द नियंत्रण में आ गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती : प्रेशर हॉर्न व मॉडिफाइड साइलेंसर पर होगी कड़ी कार्रवाई



**आजमगढ़, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** जनपद में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, आजमगढ़ में आयोजित बैठक में प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल कुमार यादव ने की, जिसमें मोटर गैराज संचालकों, मैकेनिकों और वाहन डीलरों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रेशर हॉर्न और अवैध रूप से बदले गए साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ाते हैं, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर डालते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोटरयान अधिनियम, 1988 के तहत ऐसे मामलों में गैराज संचालकों पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं वाहन स्वामी पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना और तीन माह तक की सजा का प्रावधान है। प्रवर्तन अधिकारी ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त या निलंबित किया जाएगा, साथ ही संबंधित चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। बैठक में सभी गैराज संचालकों और डीलरों से नियमों का पालन करने और अवैध मॉडिफिकेशन से बचने की अपील की गई। उपस्थित लोगों ने ध्वनि प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में इस अभियान के तहत व्यापक चेकिंग और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक दिन के लिए अधिकारी बनी 12वीं की छात्रा आकांक्षा



**आजमगढ़, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** जनपद में मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बालिकाओं को "एक दिन का अधिकारी" बनाकर उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का अभिनव प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण को मजबूत करना है। कार्यक्रम के तहत प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा आकांक्षा मौर्या (कक्षा 12) को एक दिन के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी बनाया गया। उन्होंने कार्यालय में आए निराश्रित महिला पेंशन एवं बाल सेवा योजना के लाभार्थियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और विभागीय योजनाओं की जानकारी भी साझा की। इसी क्रम में माधवी चौधरी (कक्षा 12) को जिला कार्यक्रम अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण, 0–6 माह के शिशुओं के टीकाकरण तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां दीं। वहीं आकांक्षा यादव (कक्षा 10) ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी की भूमिका निभाते हुए दिव्यांगजन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र और 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकता है। साथ ही समाज में 21 प्रकार की दिव्यांगता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल संचालन में हब टीम की डीएमसी प्रीति उपाध्याय, जेंडर स्पेशलिस्ट अन्नू सिंह, आशीष कुमार सिंह तथा वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक सरिता पाल उपस्थित रहीं। इस पहल से बालिकाओं में नेतृत्व, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का विकास हुआ, जो भविष्य में उन्हें सशक्त नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा।

# कूड़ा पात्र रखकर अपनी जिम्मेदारियों से विमुख हुई नगर पंचायत




**फूलपुर, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों और शहरों को सुंदर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता इस महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फेर रही है। ताजा मामला फूलपुर तहसील मुख्यालय का है, जहां नगर पंचायत द्वारा रखे गए कूड़ेदान अब खुद गंदगी का सबब बन गए हैं। तहसील मुख्यालय की बाउंड्री वॉल के सामने नगर पंचायत फूलपुर द्वारा दो बड़े कूड़ेदान रखवाए गए थे, ताकि आसपास के लोग कचरा उसमें डाल सकें। लेकिन विडंबना यह है कि कूड़ा पात्र पूरी तरह भर चुके हैं और नगर पंचायत का वाहन इन्हें खाली करने के लिए कई दिनों से नहीं आया है। कचरा न उठने के कारण अब लोग मजबूरन कूड़ेदान के बाहर ही कचरा फेंक रहे हैं, जिससे तहसील के मुख्य गेट के पास गंदगी का अंबार लग गया है। कचरे का उठाव न होने और साफ–सफाई व कीटनाशक छिड़काव के अभाव में वहां सड़ांध पैदा हो गई है। भीषण दुर्गंध के कारण राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया है। स्थानीय निवासी पवन जायसवाल, ध्रुव चंद, अवधेश मोदनवाल, राजकुमार, दीपक मोदनवाल, रामलखन, मिट्ठू नाऊ, संजय उर्फ मुनमुन, और आशीष पाल उर्फनिन्ही आदि ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत के कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह शिथिल हो चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने तहसील स्तरीय अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए तत्काल सफाई की मांग की है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी फूलपुर, अशोक कुमार ने बताया कि "मामला संज्ञान में आया है। अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत से वार्ता कर तत्काल कूड़ा गाड़ी मंगवाई जा रही है।

# शिब्ली नेशनल कॉलेज में बी.ए. राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा 24 अप्रैल को

**आजमगढ़, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** शिब्ली नेशनल कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा बी.ए. छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 24 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रातः 9.00 बजे से कॉलेज के कॉन्वोकेशन हॉल में संपन्न होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. शफीउज़्ज़मां ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी छात्र–छात्राओं का समय से उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षार्थी अपने साथ पहचान पत्र, प्रवेश पत्र तथा डिसर्टेशन अनिवार्य रूप से लेकर आएं, अन्यथा उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी।

# बाबा साहब के विचारों पर चलने का लिया संकल्प



**आजमगढ़, 20 अप्रैल (देवव्रत संवाद)।** ग्रामीण चिकित्सक सहायतार्थ संघ द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों और समाजसेवियों ने भाग लेकर बाबा साहब के विचारों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के चित्र पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजीत कुमार (मेरिडियन हॉस्पिटल, नरौली), डॉ. वी.के. चौहान (आकाश हड्डी अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर), डॉ. जनार्दन प्रसाद (विराज डायग्नोस्टिक सेंटर, नरौली), न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा नीतीश यादव, समाजसेवी डॉ. इरफान अहमद, डॉ. तारिक शफीक एवं डॉ. हृदय चौहान द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित कर किया गया। संगठन के अध्यक्ष डॉ. अमरनाथ बौद्ध ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और शिक्षा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. वी.के. चौहान ने कहाकि बाबा साहब ने समाज को समानता और अधिकारों का जो संदेश दिया है, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का कर्तव्य है कि वे समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें। जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने कहाकि संगठन लगातार समाज के हासिये पर जीवन यापन करने वालों की मदद करते हुए मानवता की सेवा करता है। अध्यक्षता अमरनाथ बौद्ध व संचालन डॉ. आनंद रावत एवं डॉ. अमर कुमार ने किया। आगंतुकों के प्रति प्रदेश सचिव डॉ. आरबी रंजन ने आभार जताते हुए बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दिलाया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. ज्ञानचंद, डॉ. रंजीत गौतम, डॉ. शिवकुमार, डॉ. रामनिवास, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. देवेंद्र अम्बेडकर, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. सीबी सरोज, डॉ. त्रिभुवन राम, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. अमरनाथ बौद्ध, डॉ. कैलाश मौर्य, डॉ. संदीप कुमार (मेंहनगर), डॉ. शादाब अहमद, डॉ. शाहिद, डॉ. आर बी रंजन सहित अनेक चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा।